www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 34.c

26.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 88.390g

चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 शैक्षणिक छवि की चिंता का समय, भारत अपने संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे

त्योहारों पर जलालाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई 04

वर्ष :08 | अंक :258 | मुंबई ,मंगलवार , 11 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू जा रही बस के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत, 11 घायल

पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को एक बस के ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जालंधर के काला बकरा इलाके के पास उस समय हुई जब बस राजस्थान से जम्मू जा रही थी। पुलिस ने बताया कि जब ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव की सड़क से जालंधर-पठानकोट राजमार्ग पर आई तो बस ने उसमें टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, बस चालक और एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य यात्रियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपनों को खोया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब पुलिस की सड़क सुरक्षा टीम द्वारा घायलों की मदद करने के प्रयासों की सराहना की।

### उत्तर प्रदेश के बिजनौर में ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, चालक समेत दो की मौत

बिजनौर जिले में सोमवार को एक ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगीना देहात थाना प्रभारी संजय कुमार के बताया कि आज सुबह नजीबाबाद-रायपुर मार्ग पर गांव किशनपुर आंवला के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक बाबर (35) और इसमें सवार निर्मला (40) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुमार के अनुसार फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# महाराष्ट्र में अजित पवार ने पेश किया अपना 11वां बजट

## हाईवे, मेट्रो, ग्रोथ हब. 16 लाख लोगों को रोजगार, महाराष्ट्र को नंबर 1 बनाने का वादा

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में अपना 11वां बजट पेश किया। उन्होंने बजट पेश करते हुए राज्य को लगातार समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सरकार के सत्ता में आने में लड़की बहिन योजना की सफलता को अहम कारक बताया और लोगों का विश्वास जीतने और नवगठित महायुति सरकार को राज्य में मजबूत पैर जमाने में मदद करने में इसकी अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने वित्त वर्ष 26 के लिए राज्य का बजट पेश करते हुए मुंबई में तीसरे हवाई अड्डे की योजना की घोषणा की। पवार ने राज्य विधानसभा में बोलते हुए कहा कि मुंबई का नया हवाई अड्डा वधवन बंदरगाह के पास प्रस्तावित किया जाएगा और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशन इस बंदरगाह के पास होगा। वर्तमान में, भारत के वित्तीय केंद्र में दो हवाई अड्डे हैं, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो मुम्बई महानगर क्षेत्र में स्थित है, और दूसरा नवी मुम्बई में स्थित है, जिसके इस वर्ष मई में चालू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की नयी औद्योगिक नीति 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाख रोजगार पैदा करने पर केंद्रित होगी।

### एमएमआरडीए को बनाया जाएगा महाराष्ट्र का विकास केंद्र

**महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजीत पवार ने कहा-एमएमआरडीए (मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण) को महाराष्ट्र का विकास केंद्र बनाया जाएगा और इस उद्देश्य से हमने मुंबई महानगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सात व्यावसायिक केंद्र बनाने की योजना बनाई है.**

### बड़ी बातें

- पवार ने महाराष्ट्र में निजी निवेश में वृद्धि पर प्रकाश डाला, जो बढ़ती बाजार मांग और मजबूत विकास प्रक्षेपवक्र से प्रेरित है।
- महाराष्ट्र प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में देश का नेतृत्व करना जारी रखता है, और एक प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखता है।
- राज्य नए श्रम कानून लागू करने की योजना बना रहा है, जिससे कार्यकुशलता बढ़ेगी और अधिक निवेश आकर्षित होगा।
- आर्थिक विकास को और बढ़ावा देने तथा व्यवसायों के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एक संशोधित औद्योगिक नीति की रूपरेखा तैयार की गई है।
- महाराष्ट्र शहरी संपर्क बढ़ाने के लिए मेट्रो नेटवर्क के विस्तार सहित मुंबई की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ रुपये आवंटित करेगा।
- अजित पवार ने नवी मुंबई और मुंबई हवाई अड्डों को जोड़ने वाली मेट्रो लिंक की योजना की घोषणा की, जिससे दोनों प्रमुख स्थानों के बीच संपर्क बढ़ेगा।
- महाराष्ट्र शहरी संपर्क बढ़ाने के लिए मेट्रो नेटवर्क के विस्तार सहित मुंबई की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ रुपये आवंटित करेगा।
- राज्य का लक्ष्य अगले पांच सालों में 50 लाख नए रोजगार सृजित करना है। आने वाले साल में 1,500 किलोमीटर नई सड़कें बनाई जाएंगी, जबकि 7,000 किलोमीटर मौजूदा सड़कों को सीमेंट सड़कों में अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा, समृद्धि हाईवे परियोजना का 99% काम पूरा हो चुका है।
- राज्य गेटवे ऑफ इंडिया को मांडवा से जोड़ने के लिए नई नौका सेवाएं शुरू करेगा जिससे तटीय परिवहन में सुधार होगा।
- पालघर जिले में स्थित वधवन बंदरगाह को इसके विकास लागत में राज्य सरकार से 26% का योगदान मिलेगा।
- इसके अतिरिक्त, बंदरगाह के विकास के हिस्से के रूप में एक नए हवाई अड्डे की योजना की घोषणा की गई, जिसका संचालन 2030 तक शुरू हो जाएगा।

### 'विकसित भारत को लेकर बयान

उन्होंने यह भी कहा, ₹महाराष्ट्र 2047 तक प्रधानमंत्री के ह्यविकसित भारतह्न के सपने को पूरा करने में अग्रणी होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ह्यविकसित भारतह्न के दृष्टिकोण को हम साकार करेंगे और महाराष्ट्र इस दिशा में नंबर एक होगा।₹

अजित पवार ने विधानसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास चक्र को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख कारकों में वृद्धि की आवश्यकता है। निजी और सरकारी निवेश, उपभोक्ता खर्च और निर्यात

# तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ के गहने लूटकर भागे बदमाश

## 2 को गोली मारकर 2 झोला ज्वेलरी बरामद; 4 बदमाशों की तलाश जारी







एजेंसी

आरा (भोजपुर), बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूट ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से दो झोला ज्वेलरी बरामद की। 4 बदमाश लूटी हुई ज्वेलरी लेकर भाग गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, 'शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए हैं।'

**पीड़ित गार्ड मनोज कुमार ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि होली से पहले सोमवार को सुबह 10 बजे शोरूम खुला था। उन्होंने कहा कि छह अपराधी एक कार में आए और उसे सड़क के दूसरी तरफ पार्क कर दिया।**

### 3 बाइक से आए थे 6 बदमाश

सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे 3 बाइक से आए 6 बदमाशों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब 22 मिनट तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की। भोजपुर के राज ने बताया, 'पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी।

# बकवास मत कीजिए, कोई ऑफर नहीं दिया जा रहा

## महागठबंधन में नीतीश की वापसी के सवाल पर भड़के तेजस्वी यादव

एजेंसी

**बिहार में ओबीसी, ईबीसी, दलितों और आदिवासियों के लिए 65% आरक्षण लागू न किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे यादव ने उस समय अपना आपा खो दिया जब उनसे पूछा गया कि क्या नीतीश कुमार का फिर से स्वागत किया जाएगा।**

बिहार। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्षी महागठबंधन में फिर से शामिल होने की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके लिए कोई प्रस्ताव नहीं था और गठबंधन अब केवल आगामी विधानसभा चुनावों पर केंद्रित है। बिहार में ओबीसी, ईबीसी, दलितों और आदिवासियों के लिए 65% आरक्षण लागू न किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे यादव ने उस समय अपना आपा खो दिया जब उनसे पूछा गया कि क्या नीतीश कुमार का फिर से स्वागत किया जाएगा। तेजस्वी यादव ने भड़कते हुए पूछा कि आपको ये विचार कौन देता है? हम उनका स्वागत क्यों करेंगे? कोई प्रस्ताव नहीं है, बकवास मत कीजिए। लालू (यादव) जी और मेरे अलावा कोई भी प्रस्ताव देने के लिए अधिकृत नहीं है, और कोई प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा। जेडीयू और आरजेडी के बीच पर्दे के पीछे की सांठगांठ की अफवाहें कुमार के राजनीतिक गलियारे में उतार-चढ़ाव के इतिहास की पृष्ठभूमि में चल रही हैं। कभी आरजेडी संस्थापक लालू यादव के कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे कुमार ने 2015 के राज्य चुनावों में आरजेडी के साथ गठबंधन किया और गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। चुनाव के दो साल बाद, कुमार गठबंधन से बाहर हो गए और मुख्यमंत्री के रूप में वापस आने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। जेडीयू और बीजेपी ने 2020 के चुनाव गठबंधन में लड़े, लेकिन कुमार ने दो साल बाद फिर से पलटी मारी और विपक्षी खेमे में लौट आए। 2024 में, लोकसभा चुनावों से पहले, जेडीयू प्रमुख ने अपना नवीनतम बदलाव किया और एनडीए में वापस आ गए।



# हंगामे के साथ शुरू हुआ बजट सत्र का दूसरा चरण

## वोटर लिस्ट और एनईपी पर विपक्ष का सवाल

**बजट सत्र**

**डीएमके सांसदों ने केंद्र पर शिक्षा निधि रोकने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राज्य सरकार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए स्कूल फंड का इस्तेमाल करना उचित है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हमले का जवाब दिया और विरोध करने वाले सदस्यों पर एनईपी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।**

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आजे से शुरू हुआ। पहले ही दिन विपक्ष और सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के माध्यम से कथित तौर पर हिंदी भाषा थोपे जाने को लेकर एक बार फिर टकराव देखने को मिला। डीएमके सांसदों ने केंद्र पर शिक्षा निधि रोकने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राज्य सरकार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए स्कूल फंड का इस्तेमाल करना उचित है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हमले का जवाब दिया और विरोध करने वाले सदस्यों पर एनईपी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए, लोकसभा में बोले राहुल गांधी



संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज सुबह 11 बजे शुरू हुआ। लोकसभा के एजेंडे के अनुसार, स्थायी समितियों की ओर से कई विधेयक और रिपोर्ट पेश की जाएंगी। दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा को पिछली बार 13 फरवरी को स्थगित किया गया था, जिसके बाद सत्र का पहला चरण समाप्त हो गया। दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर जोर दे रही है, इस बीच, विपक्ष द्वारा मणिपुर में हाल ही में हुई हिंसा और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों सहित अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधने की उम्मीद है। राहुल गांधी ने लोकसभा में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया।

# रमजान के दौरान गुलमर्ग में फैशन शो, मीरवाइज भड़के

## सीएम उमर ने दिए जांच के आदेश

**फैशन व्यवसाय में अपने 15 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में डिजाइनर लेबल शिवन एंड नरेश ने इस शो का आयोजन किया था.**

एजेंसी



श्रीनगरः जम्मू कश्मीर के मशहूर पर्यटन स्थल गुलमर्ग में रमजान के दौरान एक डिजाइनर बैंड द्वारा आयोजित फैशन शो ने घाटी के राजनीतिक नेताओं और लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है. हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक पहले राजनीतिक और धार्मिक नेता थे जिन्होंने इस अश्लील फैशन शो पर अपना आक्रोश व्यक्त किया.फैशन व्यवसाय में अपने 15 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में डिजाइनर लेबल शिवन एंड नरेश ने इस शो का आयोजन किया था. संस्थापक शिवन भाटिया और नरेश कुकरेजा ने 7 मार्च को स्की रिसॉर्ट में अपनी स्कीवियर रेंज पेश करने के लिए शो की मेजबानी की. इस दौरान डिजाइनर ब्रांड ने अपने सोशल मीडिया पेजों पर शो की तस्वीरें और वीडियो डिस्प्ले किए.

मीरवाइज ने कहा, रमजान के पवित्र महीने में गुलमर्ग में एक अश्लील फैशन शो आयोजित किया गया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिससे लोगों में शॉक और गुस्सा फैल गया है।

# गढ़वा में पटाखा दुकान में लगी आग, 3 बच्चों समेत 5 की मौत

**गढ़वा में भीषण हादसा हुआ है. पटाखा दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई है. घटना रंका थाना क्षेत्र की है.**

एजेंसी



गढ़वाः जिले में दिल दहलाने वाली घटना घटी है. एक पटाखा दुकान में अचानक आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है. जिसमे तीन बच्चे, एक दुकान मालिक और एक ग्राहक शामिल है. गढ़वा के एसपी दीपक पांडे ने घटना की पुष्टि की है. सभी शव को छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल के शव गृह में रखा गया है. गढ़वा जिले के झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर गोदरमाना बाजार में एक पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगो की दर्दनाक मौत हो गई।

## पलटवार — चेन्नई की मेयर ने किया पलटवार

# महिला सुरक्षा को लेकर विजय ने साधा डीएमके पर निशाना

एजेंसी



**अभिनेता-राजनेता ने कहा परिवर्तन ही एकमात्र ऐसी चीज है जो स्थिर है। 2026 में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रही यह सरकार सत्ता से बाहर हो जाए। प्रिया ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विजय से आग्रह किया कि वे इस तरह के व्यापक बयान देने से पहले राजनीति की वास्तविकताओं से जुड़ें। उन्होंने अभी-अभी राजनीति में प्रवेश किया है और उन्हें और भी राजनीतिक वास्तविकताएँ देखनी हैं।**

चेन्नई। चेन्नई की मेयर आर प्रिया ने अभिनेता से नेता बने विजय पर डीएमके सरकार की आलोचना करने के लिए पलटवार किया। विजय ने तमिलनाडु में महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का आरोप लगाया था। महिला दिवस के संदेश में विजय ने महिला सुरक्षा पर राज्य सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। क्या आप खुश हैं? आप तभी खुश रह सकते हैं जब आप सुरक्षित महसूस करें। मैं समझ सकता हूं कि जब आप असुरक्षित होते हैं तो खुश होने के बारे में आपको कैसा महसूस होता है। विजय ने कहा कि आपने और मैंने डीएमके सरकार को चुना। लेकिन अब हमें एहसास हुआ है कि उन्होंने हमारे साथ विश्वासघात किया है। सब कुछ बदल सकता है। चिंता न करें, 2026 में हम उन लोगों को हटा देंगे जो महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे। अभिनेता-राजनेता ने कहा परिवर्तन ही एकमात्र ऐसी चीज है जो स्थिर है। 2026 में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रही यह सरकार सत्ता से बाहर हो जाए। प्रिया ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विजय से आग्रह किया कि वे इस तरह के व्यापक बयान देने से पहले राजनीति की वास्तविकताओं से जुड़ें। उन्होंने अभी-अभी राजनीति में प्रवेश किया है और उन्हें और भी राजनीतिक वास्तविकताएँ देखनी हैं। मेयर ने सरकार की पहलों का बचाव करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से योजनाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने विजय की आलोचना को अनावश्यक बताते हुए कहा कि एक महिला के लिए केवल शिक्षा ही उसके साथ खड़ी होती है, जब उसके रिश्तेदार सहित सभी लोग उसे छोड़ देते हैं। हमारे मुख्यमंत्री ने इसे महत्व दिया है। विजय ने पहले भी तमिलनाडु में महिलाओं की सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाया था और राज्यपाल आर.एन. रवि से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय लागू करने का आग्रह किया था। एक वीडियो संदेश में, श्री विजय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहाः महिलाएं तभी खुश रह सकती हैं जब वे सुरक्षित महसूस करें। जब महिलाओं के लिए सुरक्षा नहीं होगी, तो उनके खुश रहने की संभावना नहीं है। मैं तमिलनाडु की महिलाओं की भावनाओं को समझ सकता हूं। हमने मिलकर इस डीएमके सरकार को चुना है। लेकिन अब हमें एहसास हो गया है कि उन्होंने हमें कैसे धोखा दिया है।

# 'अपनी जुबान पर काबू रखें...'

## धर्मेंद्र प्रधान पर भड़के सीएम स्टालिन, बताया अहंकारी



**एमके स्टालिन ने एक्स पर तमिल में कड़े शब्दों में लिखे एक पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान के अहंकार की निंदा की और कहा कि वह एक घमंडी राजा की तरह बोल रहे हैं और जिसने तमिलनाडु के लोगों का अनादर किया है, उन्हें अनुशासित किए जाने की आवश्यकता है।**

एजेंसी

तमिलनाडु। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर पलटवार किया है। धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राज्य सरकार को पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम एसएचआरआई) योजना को लागू करने के मुद्दे पर बेईमान और छात्रों का भविष्य बर्बाद करने वाला करार दिया था। एमके स्टालिन ने एक्स पर तमिल में कड़े शब्दों में लिखे एक पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान के अहंकार की निंदा की और कहा कि वह एक घमंडी राजा की तरह बोल रहे हैं और जिसने तमिलनाडु के लोगों का अनादर किया है, उन्हें अनुशासित किए जाने की आवश्यकता है। एमके स्टालिन ने एक्स पर लिखा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जो खुद को राजा समझते हैं, अहंकार से बोलते हैं, उन्हें अपनी जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी पर डीएमके सदस्यों के विरोध के बाद सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। पीएम श्री योजना पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रधान ने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन पर अपना रुख बदल दिया है।

# शैक्षणिक छवि की चिंता का समय, भारत अपने संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे

## सम्पादकीय

### अप्रत्याशित ट्रंप का मुकाबला, भारत को शक्ति केंद्र के रूप में उभरना है तो बदलनी होगी रणनीति

कुल मिलाकर ट्रंप के उलटफेर से दुनिया में एक ऐसा विश्वक्रम बनता नजर आता है जिसमें एक या दो की जगह तीन या चार शक्ति केंद्र होंगे। अमेरिका यूरोप रूस तथा चीन। कोई देश दूसरे देशों से खरीदे विमानों मिसाइलों ड्रोनों और रक्षा सामग्री के बल पर शक्ति का केंद्र नहीं बन सकता। अमेरिका यूरोप रूस और चीन जैसे शक्ति केंद्रों के पास अपनी-अपनी रक्षा निर्माण क्षमता है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मोलभाव और अराजक अप्रत्याशितता की कूटनीति से महीने भर में ही 80 वर्ष पुराने विश्वक्रम को छिन्न-भिन्न कर दिया है। यह विश्वक्रम अमेरिका ने ही दूसरे विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र और उसकी सहायक संस्थाओं के जरिये स्थापित किया था। नियमबद्ध व्यवस्था पर आधारित इस विश्वक्रम का मुख्य उद्देश्य दूसरे देशों के भूभाग हथियाने की उस साम्राज्यवादी परंपरा को रोकना था जिसमें 1816 से 1945 के बीच दूसरे देशों के भूभाग हथियाने के लिए 150 से अधिक लड़ाइयां लड़ी गई थीं। नए विश्वक्रम में भारत और फलस्तीन के उल्लेखनीय अपवादों को छोड़कर 1945 से अब तक किसी देश के भूभाग को सैन्य शक्ति से नहीं हथियाने दिया गया। इस दौर में अमेरिका ने सैनिक और आर्थिक महाशक्ति का प्रयोग दूसरे देशों में अपनी कठपुतली सरकारें स्थापित करने या सत्ता परिवर्तन कराने में जरूर किया, पर किसी के भूभाग को हथियाने के लिए नहीं। जबकि 1952 में दक्षिण कोरिया और 1990 में कुवैत की प्रभुसत्ता की रक्षा के लिए कूदकर वैश्विक नेतृत्व की एक मिसाल कायम की। ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण में ही संकेत दे दिया था कि वे अपने ही देश द्वारा स्थापित मौजूदा विश्वक्रम को तिलांजलि देकर दुनिया को 1945 से पहले की साम्राज्यवादी व्यवस्था में लौटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा था, ह्यअमेरिका अपनी परिकल्पना एक उभरते हुए देश के रूप में करना चाहेगा-एक ऐसा देश जिसकी समृद्धि बढ़ रही हो, जिसकी सीमाओं का विस्तार हो रहा हो। अपनी इसी बात को आगे बढ़ाते हुए बाद में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका निश्चित रूप से ग्रीनलैंड को डेनमार्क से खरीद लेगा और मध्य अमेरिकी देश पनामा से पनामा नहर वापस लेगा। कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात तो वह अक्सर करते रहते हैं। दो सप्ताह पहले उन्होंने गाजा को लेकर पिछली सदी के सातवें दशक के बेरूत जैसी सैलानी सैरगाह के रूप में उसका विकास करने की बात करके दुनिया को चौंका दिया। ग्रीनलैंड, पनामा नहर, कनाडा और गाजा में पांव पसारने के ट्रंप के इरादों से विश्व के कुछ दूसरे साम्राज्यवादी तानाशाहों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग नाटकीयता से बदलते विश्वक्रम के इस दौर को खामोशी से देख रहे हैं, लेकिन ताइवान को चीन में मिलाने के उनके इरादे किसी से छिपे नहीं हैं।

## आज का विचार




**नेपाली छात्रा की दुखद मृत्यु एक चेतावनी है कि भारत अपने शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा प्रशासनिक संवेदनशीलता और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को प्राथमिकता दे। एक समावेशी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण न केवल भारतीय छात्रों बल्कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी आवश्यक है जो भारत को अपनी शिक्षा और भविष्य के निर्माण के लिए चुनते हैं।**

ओडिशा स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलाजी (केआईआईटी) में नेपाली छात्रा की असामयिक मृत्यु न केवल दुखद और संवेदनशील मामला है, बल्कि यह भारत की शैक्षणिक व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्न खड़ा करती है। केंद्र सरकार ने इसकी जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है और पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय का भरोसा दिलाया है। इसके बाद करीब 1000 नेपाली छात्र केआईआईटी वापस लौटे हैं, लेकिन यह मामला केवल न्यायिक जांच तक सीमित नहीं रह सकता। इसके दो पहलू हैं, जिन पर भारत के नीति-निमार्ताओं को विचार करने की आवश्यकता है। पहला, नेपाल बीते वर्षों में राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से बदल चुका है। भारत को इन बदलावों का संवेदनशीलता से आकलन करना होगा। दूसरा, यदि भारत को दक्षिण एशिया में शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है तो अंतरराष्ट्रीय छात्रों, विशेषकर अपने पड़ोसी और मित्र देशों के विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, संवेदनशील और समावेशी शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करना होगा। इस तरह की घटनाएं इन देशों के साथ हमारे रिश्तों में दरार पैदा कर सकती हैं। चीन जैसे देश जो लंबे समय से नेपाली युवाओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे अवसरों का उपयोग



भारत की छवि को कमजोर करने और अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। इसलिए आवश्यक है कि भारत अपने शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा और समावेशिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। साथ ही नस्ली, लैंगिक और सांस्कृतिक संवेदनशीलता को संस्थागत ढांचे का अभिन्न अंग बनाए, ताकि सभी छात्र भयमुक्त माहौल में शिक्षा प्राप्त कर सकें। नेपाल भारत का एक खास पड़ोसी देश है। वह चाहे एक साझा संस्कृति की बात हो या सामाजिक और धार्मिक समानता, भाषा की या फिर लोगों के बीच आपसी संबंध की। भारत और नेपाल के बीच सामरिक ही नहीं, बल्कि एक मजबूत साझा सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक, सैन्य, शिक्षा, खुली सीमा और लोगों के बीच पारस्परिक संबंध हैं। शायद यही कारण रहा है कि संबंधों में यदा-कदा मन मुटाव के बावजूद बातचीत का माहौल हमेशा से बना रहा है। पिछले दो दशकों में नेपाल के राजनीतिक परिदृश्य में बड़े बदलाव आए हैं। इसके चलते नेपाल एक संवेदनशील देश बन चुका है। इसका असर भारत-नेपाल संबंधों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। हम इस प्रयास में हैं कि चीन जैसी ताकत नेपाल के रास्ते भारत के राष्ट्रीय हितों को नुकसान न कर सके। एक समय था जब नेपाली छात्रों और कामगारों के लिए भारत ही प्रमुख गंतव्य हुआ करता था। खुली सीमा के कारण भारत आना-जाना न केवल आसान, बल्कि किफायती भी था। भारत सरकार की छात्रवृत्तियां नेपाली विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर खोलती थीं, लेकिन बीते दो-तीन दशकों में यह स्थिति काफी बदल गई है। विशेष रूप से 1996 से 2006 तक चले माओवादी आंदोलन ने नेपाल के राजनीतिक सोच और विदेश नीति को नया स्वरूप दिया है। इसके साथ नेपाल में विदेश में रोजगार और शिक्षा के अवसर प्रदान करने वाली एजेंसियों का उदय हुआ है। एक समय जेएनयू, बीएचयू, इलाहाबाद विश्वविद्यालय या पूर्वांचल विश्वविद्यालय नेपाली छात्रों के गढ़ माने जाते थे, जिसने भारत के प्रति नेपाल में एक सकारात्मक दृष्टिकोण बनाने में मदद की, लेकिन अब वह बदल चुका है। यह बदलाव केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि रोजगार के क्षेत्र में भी दिखता है। आज अधिकांश नेपाली विकसित देशों को लक्ष्य बनाते हैं। ऐसे में भारत के प्रति जनता की राय में बदलाव आया है। इसका बड़ा फायदा चीन उठा रहा है, जो नेपाली छात्रों को लुभाने में लगा है। इसके परिणामस्वरूप भारत और नेपाल के बीच कोई भी राजनीतिक विवाद अब तुरंत इंटरनेट मीडिया पर छा जाता है। भारत के शैक्षणिक संस्थान न केवल दक्षिण एशिया और अफ्रीका, बल्कि विश्व भर के छात्रों के लिए आकर्षक केंद्र हैं। ये छात्र यहां शिक्षा प्राप्त कर अपने देशों के उच्च पदों पर पहुंचते हैं और दीर्घकालिक रूप से भारत के साथ मजबूत राजनयिक एवं सांस्कृतिक संबंधों के वाहक बनते हैं। भारत की ह्यसाफ्ट पावरह्न को भी सुदृढ़ करते हैं, लेकिन ऐसी त्रासद घटनाएं भारत की वैश्विक शैक्षणिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं और इसके भू-राजनीतिक प्रभाव भी होते हैं। नेपाली छात्रा की दुखद मृत्यु एक चेतावनी है कि भारत अपने शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा, प्रशासनिक संवेदनशीलता और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को प्राथमिकता दे। एक समावेशी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण न केवल भारतीय छात्रों, बल्कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी आवश्यक है, जो भारत को अपनी शिक्षा और भविष्य के निर्माण के लिए चुनते हैं। इस दिशा में दो महत्वपूर्ण सुधार अनिवार्य हैं-पहला, एक उत्तरदायी और संवेदनशील प्रशासनिक तंत्र, जो छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से सुने और उनका समाधान करे। दूसरा, चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दलों की स्थापना, ताकि किसी भी अप्रत्याशित संकट का समय रहते सामना किया जा सके। केवल इसी तरह हम भारत को एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में मजबूत कर सकते हैं और उसकी प्रतिष्ठा को बनाए रख सकते हैं। अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बना सकते हैं।

## राशिफल



**मेष राशि**: मेष राशि के जातको को कल कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलेगा. परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं. आपको धन संचय करने की योजनाओं पर ध्यान देना होगा.

**वृषभ राशि**: वृषभ राशि के जातकों को कोई उपहार मिल सकता है. आपको यदि किसी काम को लेकर कुछ चिंता थी, तो वह भी दूर होंगी. राजनीति में कार्यरत लोगों की लोकप्रियता बढ़ेगी. शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा.

**मिथुन राशि** ; मिथुन राशि के जातक कल अपने विरोधियों से सतर्क रहे. आपके मन में खुशियां रहेंगी. आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी. आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा हो सकता है. आपके भाई या बहन के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी

**कर्क राशि** ;कर्क राशि के जातकों की रुचि कल भगवान के भक्ति में खूब लगेगी. आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी. आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा. आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामो में कुछ गढबडी कर सकते हैं.

**सिंह राशि** : सिंह राशि के जातकों के कामो में यदि कुछ रुकावटें आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी. आप किसी बचत की योजना में ध्यान लगा सकते हैं. व्यवसाय में आपको कुछ अप्रत्याशित लाभ मिलेगा. परिवार के सदस्य कल किसी मांगलिक उत्सव में जाने की तैयारी करेंगे.

**कन्या राशि** : कन्या राशि के जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी. दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी. आपको किसी मान सम्मान के मिलने से आपका मन खुश रहेगा. मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा. आपको किसी काम को समय से निपटाने की आवश्यकता है. आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना पड़े.

**तुला राशि** : तुला राशि के जातकों की कोई मन की इच्छा पूरी होगी. भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा. विद्याथीर्यों ने पढ़ाई लिखाई में लापरवाही दिखायी, तो आपकी कुछ समस्याएं बढ़ सकती हैं. आपके कुछ खर्च बेतहाशा बढ़ेंगी. जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे.

**वृश्चिक राशि** ;वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन मिला-जुला रहने वाला है . आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से खुशी होगी. परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकता है.

**धनु राशि** :धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है. आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है.

**मकर राशि** ;मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा. वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी. आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा.

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातकों के लिए कल दिन बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा. आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होगी. घर परिवार में माहौल शांतिपूर्ण रहेगा. आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढेगा. आप अपनी इन्कम को बढ़ाने के सोर्स पर भी पूरा ध्यान देंगे.

**मीन राशि** : मीन राशि के जातको को कल परिवार के सदस्यों की समस्याओं को अहमियत दनी होगी, तभी आप उन्हे दूर कर सकेंगे. कार्य क्षेत्र में आपको कोई कोई खुशखबरी खबरें सुनने को मिल सकती है. आपकी अपने बॉस से अच्छी पटेगी. बिजनेस को लेकर भी आप कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं. सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़े लोगों की साख चारों और फैलेगी. विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

## श्रम, संयम से मनुष्य होने की सार्थकता

ऋषि मुनियों ने कहा है श्रम से ही जीवन सार्थक होता है श्रम मनोबल संयम और तब जीवन के तत्व गुण हैं और इन्हीं से मनुष्य को मनुष्य होने का गौरव प्राप्त होता है। सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती है इसलिए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है

वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाऐ भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है

व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने



प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगो यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता हैं, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फामूर्ला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगो प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है

यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जातो अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता है सामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगे आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक है यह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता है मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी

## वन उपज से दीर्घकालीन रोजगार का लक्ष्य

**विजय गर्ग**

समावेशी विकास के लिए आदिवासी समुदायों की प्रगति को टिकाऊ आधार देना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इसके लिए लघु वन उपज आधारित आजीविकाओं का विशेष महत्व है क्योंकि वन बहुत नजदीकी तौर पर आदिवासी जन-जीवन से जुड़े हैं। यदि विविध तरह की लघु वन उपज का उपयोग वन-रक्षा के लिए जरूरी सावधानियों के अनुकूल हो, तो इससे टिकाऊ तौर पर आजीविका आधार बढ़ाने और बेहतर करने के अनेक अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

इन संभावनाओं को अधिकांश स्थानों पर अभी प्राप्त नहीं किया जा सका है क्योंकि चाहे लघु वन उपज एकत्र करने में आदिवासी कितनी भी मेहनत करें, पर उन्हें इस एकत्रित लघु वन उपज की उचित कीमत नहीं मिल पाती है। जब काफी मेहनत से एकत्रित उपज को व्यापारियों को बहुत सस्ती कीमत पर बेचना पड़ता है, तो प्रायः आदिवासी ठगे से महसूस करते हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए जहां उचित कीमत उपलब्ध करवाना जरूरी है। यह भी आवश्यक है कि इन उत्पादों के स्थानीय प्रसंस्करण द्वारा उनकी मूल्य वृद्धि की जाए और इस तरह बेहतर कीमत प्राप्त करने के साथ-साथ स्थानीय रोजगार सृजन में भी वृद्धि की जाए।कुछ ऐसा ही प्रयास हो रहा है आदिवासी महिलाओं की प्रोड्यूसर कंपनी घूमर द्वारा, जो राजस्थान के पाली और उदयपुर जिलों में सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं की सदस्यता के आधार पर चल रही इस प्रोड्यूसर कंपनी ने सैकड़ों महिलाओं और उनके परिवारों की लघु वन उपज से प्राप्त आय में मात्र पांच-छह वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। धर्मी बाई की ही बात करें तो जहां पहले वह एक वर्ष में लघु वन उपज से 6 हजार रुपये के आसपास ही प्राप्त कर सकती थीं, वहां अब उनके परिवार ने एक वर्ष में 79,450 रुपये की आय लघु वन उपज से प्राप्त की। इन गांवों में ऐसी सैकड़ों महिलाएं मिल जाएंगी, जो 50,000 रुपये के आसपास एक वर्ष या सीजन में लघु वन-उपज से प्राप्त कर रही हैं।

घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी में लगभग 2000 महिला शेयर होल्डर हैं, जिनमें से अधिकांश गरासिया आदिवासी महिलाएं हैं। इस कंपनी के लगभग सभी उत्पाद इन महिलाओं और उनके परिवारों की आजीविका को सशक्त करने के साथ स्वास्थ्य को बेहतर करने वाले उत्पादों से जुड़े हैं। सीताफल या कस्टर्ड एप्पल के गूदे को निकाल कर विभिन्न खाद्य औद्योगिक इकाइयों को बेचा जाता है, जबकि इसके बीज और छिलके का भी उचित उपयोग होता है। जामुन के स्लाइस और पेय तैयार होते हैं। पलाश के फूल का गुलाल बनता है और अन्य वनस्पतियों आधारित सूखे रंग भी बनते हैं। पलाश की पत्तियों के दोने-पत्तल बनते हैं। बेर छांट कर बेचे जाते हैं और इसके चूर्ण और पेस्ट से अन्य उत्पाद भी बनते हैं, जैसे लड्डू और लालीपॉप जैसा खाद्य।घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी ने इन विभिन्न उत्पादों के लिए आधुनिक उत्पादन विधियां विकसित की हैं और इसके लिए जरूरी मशीनें और उपकरण खरीदे हैं, पर साथ ही ऐसी तकनीक अपनाई है जो अधिकांश यंत्र आधारित न हो और जिसमें आदिवासी ग्रामीण महिलाओं को पर्याप्त रोजगार मिलता रहे। इन विभिन्न उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के प्रयास तेज हो रहे हैं, पर इन ग्रामीण महिलाओं के लिए केवल आय बढ़ाना ही सब कुछ नहीं है, वे इस ओर भी ध्यान देती हैं कि वनों की रक्षा करते हुए ही उपज प्राप्त की जाए ताकि वन आधारित आजीविका टिकाऊ आधार पर सुरक्षित रहे।

# 'हिंदू की दुकानों से ही खरीदें मीट', हलाल और झटका विवाद के बीच मंत्री नितीश राणे की अपील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




महाराष्ट्र के मंत्री नितीश राणे ने सोमवार को एक नए पोर्टल की शुरूआत की, जिसमें राज्य भर में सभी झटका मटन की दुकानों को पंजीकृत किया जाएगा। इस पोर्टल की शुरूआत एक नई पहल मल्हार सर्टिफिकेशन के तहत की गई है। राणे ने कहा कि यह सर्टिफिकेशन केवल हिंदू समुदाय को दिया जाएगा। राणे ने झटका मीट सप्लायर्स के लिए मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम नाम से एक प्लेटफॉर्म बनाने की घोषणा की, जिसे केवल हिंदू ही चलाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मटन में कहीं भी मिलावट नहीं होगी ।राणे ने एक्स पर लिखा कि आज हमने महाराष्ट्र में हिंदू समुदाय के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अवसर पर मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम लॉन्च किया गया है। मल्हार सर्टिफिकेशन के माध्यम से हमें अपने हक की मटन दुकानों तक पहुँच मिलेगी और वहाँ 100 प्रतिशत हिंदू समुदाय होगा और बेचने वाला भी हिंदू होगा। मटन में कहीं भी कोई मिलावट नहीं मिलेगी। इस पहल की घोषणा करते हुए महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री ने हिंदुओं से आग्रह किया कि वे उन दुकानों से मटन न खरीदें जिनके पास मल्हार प्रमाणीकरण नहीं है। राणे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप मल्हार प्रमाणीकरण का अधिक से अधिक उपयोग करें और वास्तव में उन जगहों से मटन न खरीदें जहाँ मल्हार प्रमाणीकरण उपलब्ध नहीं है। ये प्रयास निश्चित रूप से हिंदू समुदाय के युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे। मल्हार प्रमाणन भारत में मौजूदा हलाल प्रमाणन के समान है

# उद्धव ठाकरे ने निकाला भाजपा के जय श्री राम का तोड़, शिवसैनिकों से बोले- जय शिवाजी, जय भवानी से दें जवाब

- उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर समाज में जहर घोलने का आरोप लगाया
- ठाकरे ने वर्तमान सरकार की तुलना हिटलर के शासन से की

## बीएमसी चुनाव को लेकर एक्टिव हुए उद्धव ठाकरे ने बनाई रणनीति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज में जहर घोलने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों से बीजेपी के पसंदीदा जय श्री राम नारे का जवाब जय शिवाजी और जय भवानी से देने को कहा। वह मुलुंड में एक कार्यक्रम के दौरा शिवसेना कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उद्धव ठाकरे ने कहा, अगर कोई जय श्री राम कहता है, तो जय शिवाजी और जय भवानी के जवाब के बिना उसे जाने न दें ।उद्धव



ठाकरे ने कहा, भाजपा ने हमारे समाज में जहर घोल दिया है। उन्होंने हमारे समाज के साथ जो किया है, उसके लिए मैं भाजपा को माफ नहीं करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी वजह से बीजेपी को मुसलमानों ने वोट दिया।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ क्रिकेट को लेकर बरसे

उद्धव ठाकरे ने अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों पर भाजपा के रुख का हवाला देते हुए देश के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा नेता एक समय पाकिस्तान के साथ खेल आयोजनों का विरोध करते थे, वहीं भारत अब पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा है।

### देवेंद्र फडणवीस को दिया जवाब

शिवसेना प्रमुख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाल ही में विधानसभा में दिए गए उस कटाक्ष का भी जवाब दिया। देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दूं। उन्होंने जवाब में कहा कि फडणवीस, आप कभी उद्धव ठाकरे बन भी नही सकते।

### शिव भोजन के लिए मांगी राशि

पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि अगर फडणवीस उनका अनुकरण करना चाहते हैं तो उन्हें किसानों के लिए ऋण माफी की घोषणा करनी चाहिए और 10 मार्च को पेश होने वाले बजट में शिव भोजन और लाडकी बहिन योजनाओं जैसी पहलों के लिए संशोधित धनराशि आवंटित करनी चाहिए।

# पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

फास्ट ट्रैक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा परिक्रमा मेले के दौरान अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है:

ट्रेन संख्या 09013/09014 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल (अनारक्षित) [02 फेरे]

ट्रेन संख्या 09013 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को 19:25 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:00 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09014 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 13 मार्च, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर गेट, बोटाद, ढोला, सोनगढ़ और सिहोर गुजरात स्टेशनों पर रुकेगी ।इस ट्रेन में जनरल सकेंड क्लास कोच होंगे ।ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# 7,00,020 करोड़ के बजट में 'लाडली बहनों' को झटका, मुंबई के दोनों हवाई अड्डों के बीच दौड़ेगी मेट्रो

- बजट से ईवी और इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों पर बढ़ाया टैक्स
- नई उद्योग नीति बनाने का ऐलान, 50 लाख रोजगार का लक्ष्य
- साल 2025-26 के लिए 7,00,020 करोड़ रुपये का बजट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: देवेंद्र फडणवीस के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार उपमुख्यमंत्री व राज्य के वित्तमंत्री अजित पवार ने साल 2025-26 के लिए 7,00,020 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। बजट से महाराष्ट्र की लाडली बहनों को उम्मीद थी कि उनके लाडले वित्त मंत्री उन्हें मंथली मिलने वाली 1500 रुपये की राशि को 2100 रुपये जरुर कर देंगे, लेकिन लाडले वित्त मंत्री ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हालांकि बजट में उन्होंने लाडली बहनों के लिए 36,000 करोड़ रुपये का प्रावधान जरूर किया है। बजट पेश करने के बाद वित्त मंत्री पवार ने कहा कि औद्योगिक नीति 2025 का उद्देश्य नए निवेश को आकर्षित करना और ह्यमेक इन महाराष्ट्रह्न पहल को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि कुल 7 लाख करोड़ का बजट ₹विकसित भारत-विकसित महाराष्ट्र₹ के सपने को साकार करने वाला और राज्य के विकास की रफ्तार को गति देगा। वित्त मंत्री ने इसके साथ ही सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में 1 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव किया। इससे आने वाले दिनों में सीएनजी, एलपीजी और इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों महंगी हो जाएगी। वित्त मंत्री ने बजट में नई औद्योगिक नीति की घोषणा की, जिसमें 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाख नई नौकरियों के पैदा होने की उम्मीद है ।दोनों एयरपोर्ट के बीच दौड़ेगी मेट्रोबजट में मुंबई को लेकर कई बड़े ऐलान किए गए हैं। वित्त मंत्री अजित पवार ने ने बजट संबोधन में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन की 140 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को 2030 तक 300 बिलियन डॉलर और 2047 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उसके लिए उन्होंने एमएमआर में 7 अलग-अलग स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का व्यापारिक केंद्र बनाने का ऐलान किया है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच जल्द ही मेट्रो का काम शुरू किया जाएगा। पवार ने बताया कि अगले महीने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू उड़ानें संचालित होंगी। इस हवाई अड्डे का 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। ठाणे में 100 बेड का अति विशेष उपचार अस्पताल बनाने का प्रस्ताव है। पवार ने कहा कि मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में 7 जगह पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का व्यापार केंद्र बनाने का निर्णय लिया गसा है ।विपक्ष ने की टीका-टिप्पणीसोमवार को विधानसभा में अजित पवार और विधान परिषद में आशीष जयसवाल ने साल 2025-26 ने बजट पेश किया।

# भुसावल मंडल ने फरवरी 2025 में 132.40 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भुसावल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के फरवरी माह में अपने राजस्व के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि में मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 132.40 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है, जो कि मंडल के निरंतर प्रयासों और टीम भावना के कारण संभव हुआ है।

फरवरी 2025 में मंडल द्वारा अर्जित राजस्व इस प्रकार है:

यात्री राजस्व: 71.42 करोड़ रुपये
अन्य कोचिंग राजस्व: 09.88 करोड़ रुपये
मालभाड़ा राजस्व: 48.98 करोड़ रुपये
विविध आय: 02.12 करोड़ रुपये

टिकट जांच अभियान में उल्लेखनीय सफलता - भुसावल मंडल ने फरवरी 2025 में टिकट जांच अभियान के अंतर्गत 89,100 मामले दर्ज कराया , जिसमें बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना बुकिंग वाले सामान से संबंधित प्रकरण शामिल थे। यह लक्ष्य से 37.71% अधिक है। टिकट जांच अभियान से 6.93 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो निर्धारित लक्ष्य से 33.78% अधिक है।

भुसावल मंडल की प्रमुख उपलब्धियां (फरवरी 2025)

1 रेल मदद में अव्वल स्थान यात्री शिकायतों के औसत समाधान समय में भुसावल मंडल ने भारतीय रेलवे में पहला स्थान प्राप्त किया है। औसत लंबित समय के आधार पर मंडल को भारतीय रेलवे में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

2 निफाड़ एवं रावेर स्टेशनों पर उद्घोषणा सेवा हेतु ई-नीलामी अनुबंध - यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए निफाड़ और रावेर रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के संचालन हेतु ई-नीलामी के माध्यम से अनुबंध किया गया है।

3 नासिक रोड स्टेशन पर गोदावरी लाउंज का आधुनिकीकरण - नासिक रोड रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल्स, टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर, कैफेटेरिया एवं वातानुकूलित प्रतीक्षालय के उन्नयन एवं रखरखाव हेतु ई-नीलामी अनुबंध किया गया है।

4? अमृत भारत योजना के तहत मूर्तिजापुर टिकट बुकिंग कार्यालय का नई इमारत में स्थानांतरण - मूर्तिजापुर रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग कार्यालय को नई इमारत में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

5 दफ कोड द्वारा टिकट बुकिंग में वृद्धि - जनवरी 2025 की तुलना में फरवरी 2025 में दफ कोड से टिकट बुकिंग में 1.86% की वृद्धि हुई है। यह दर 24.20% से बढ़कर 26.06% हो गई है।

6 यूटीएस मोबाइल ऐप को बढ़ावा - भुसावल मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर यूटीएस मोबाइल ऐप को यात्रियों द्वारा शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। फरवरी 2025 में 8.36% यात्रियों ने इस ऐप के माध्यम से टिकट बुक किए।

भुसावल रेल प्रशासन ने सभी रेल यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा में सिर्फ वैध और उचित रेल टिकट का ही उपयोग करें। इसके साथ ही यात्रियों को यह सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा के लिए अधिक से अधिक UTS (यूटीएस) ऐप का उपयोग करें। यह एप्लिकेशन टिकट बुकिंग को सरल और सुरक्षित बनाता है तथा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करता है।

# पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है:

ट्रेन संख्या 09013/09014 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे)

ट्रेन संख्या 09013 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को 19:25 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:00 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09014 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 13 मार्च, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर गेट, बोटाद, ढोला, सोनगढ़ और सिहोर गुजरात स्टेशनों पर रुकेगी ।इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे ।ट्रेन संख्या 09013 की बुकिंग 11 मार्च, 2025 से, जबकि ट्रेन संख?या 09014 की बुकिंग 12 मार्च, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# दैनिक यशोभूमि के कार्यकारी संपादक श्रीनारायण तिवारी को मिलेगा राघवेंद्र धर्म शिरोमणि सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नालासोपारा: पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी निष्पक्ष और सटीक लेखनी से समाज को दिशा देने वाले दैनिक यशोभूमि के कार्यकारी संपादक श्रीनारायण तिवारी को राघवेंद्र धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें राघवेंद्र सेवा मंच द्वारा आयोजित 26 वां वार्षिक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा, जो 23 मार्च 2025 को नालासोपारा के डिवाइन प्रोविडेंस हाई स्कूल, अंबाडी, तुलिंज रोड पर आयोजित किया जा रहा है। श्रीनारायण तिवारी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी निष्पक्ष विचारधारा और निर्भीक लेखनी से एक अलग पहचान बनाई है। समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने, जनता की आवाज को बुलंद करने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने के उनके समर्पण को ध्यान में रखते हुए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। दशकों से वे पत्रकारिता के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने न केवल पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान दिया है, बल्कि कई सामाजिक अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। इस सम्मान समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल, पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री रमेश दुबे, विधायिका स्नेहा दुबे पंडित, विधायक राजन नाईक, पूर्व विधायक क्षितिज ठाकुर, उत्तर भारतीय महासंघ के अध्यक्ष डॉ. योगेश दुबे, भारतीय सदविचार मंच के संस्थापक डॉ. राधेश्याम तिवारी, पूर्व महापौर रूपेश जाधव सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। राघवेंद्र सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि ह्लश्रीनारायण तिवारी जैसे निष्पक्ष पत्रकार समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी लेखनी ने हमेशा सत्य और न्याय का पक्ष लिया है। यही कारण है कि उन्हें धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है ।ह्वक्योकि हमारी संस्था बिना किसी राजनीतिक स्वार्थ के केवल हिंदुत्व और समाजसेवा के कार्यो को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है ।

# पश्चिम रेलवे पर बड़े उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




पश्चिम रेलवे द्वारा 6 मार्च, 2025 से अपनी महिला कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न गतिविधियों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। 10 मार्च, 2025 को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय के गोडबोले हॉल में आयोजित एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन हुआ। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र तथा पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का विषय एक्सलरेट एक्शन रहा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समापन समारोह का मुख्य भाषण पश्चिम रेलवे की प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती मंजुला सक्सेना ने दिया, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व और पश्चिम रेलवे में महिला कर्मचारियों द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। इसके बाद महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने स्वयंसिद्धा नामक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें महिला कर्मचारियों के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण जानकारी के साथ-साथ जीवनशैली और स्वास्थ्य पर सुझाव और दिशानिर्देश दिए गए हैं। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री मिश्र ने उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को एक प्रेरक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि कैसे महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोच्च पदों पर पहुँची हैं और कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि महिला सशक्तिकरण की शुरूआत सबसे पहले घर से होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं और बालिकाओं के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार में बदलाव की शुरूआत घर से ही होनी चाहिए। समापन समारोह में पश्चिम रेलवे की नायिका शीर्षक से एक विशेष वीडियो भी जारी किया गया। यह वीडियो पश्चिम रेलवे द्वारा रेडियो चैनल फीवर 104 एफएम के सहयोग से बनाया गया है, यह वीडियो पश्चिम रेलवे की महिला कर्मचारियों की असाधारण सेवा को समर्पित है। वीडियो में महिला कर्मचारियों की प्रेरक शॉट हैं जो रेल यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करती हैं। पश्चिम रेलवे पर महिला दिवस समारोह के हिस्से के रूप में श्रीमती सुची महाडिक द्वारा एक कठपुतली शो भी आयोजित किया गया, जिसने अपने रंगारंग और आकर्षक प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन किया। डॉ. जैन्सी शेखर द्वारा कुर्सी योग पर एक सत्र भी आयोजित किया गया। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इसमें प्रमुख विभागाध्यक्षों, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन समिति की सदस्याएं, विभिन्न एसोसिएशनों और यूनियनों के प्रतिनिधियों, पश्चिम रेलवे की महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। महिला दिवस समारोह वास्तव में एक यादगार कार्यक्रम था, जिसमें मौज-मस्ती, स्वास्थ्य देखभाल आदि सभी गतिविधियों को शामिल किया गया था।

# मध्य रेल ने वित्त वर्ष 2024-25 (28 फरवरी 2025 तक) के लिए 74.39 मिलियन टन की शानदार लोडिंग दर्ज की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मध्य रेल ने इस वित्त वर्ष (28 फरवरी 2025 तक) में 74.39 मिलियन टन की शानदार माल लोडिंग दर्ज की और फरवरी-2025 के माह के लिए 7.28 मिलियन टन की लोडिंग दर्ज की।

फरवरी-2025 के दौरान लोडिंग इस प्रकार रही:-

फरवरी-2024 में 175 रेक की तुलना में फरवरी-2025 में पेट्रोलियम उत्पादों की 208 रेक लोड की गईं, जो 18.8% की वृद्धि दर्ज करती है।

फरवरी-2025 में उर्वरक के 114 रेक लोड किए गए, जबकि फरवरी-2024 में 98 रेक लोड किए गए थे, जो 16.3% की वृद्धि दर्ज करता है।

फरवरी-2025 में सीमेंट के 244 रेक लोड किए गए, जबकि फरवरी-2024 में 241 रेक लोड किए गए थे, जो 1.2% की वृद्धि दर्ज करता है।

पिछले वर्ष की तुलना में मालगाड़ियों की औसत गति में 2.1% की वृद्धि हुई है।

प्रतिदिन गाड़ियों के औसत इंटरचेंज में 1.2% की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष प्रतिदिन 367 गाड़ियों के औसत इंटरचेंज की तुलना में चालू वर्ष में प्रतिदिन 374 गाड़ियों का औसत इंटरचेंज हुआ है। मध्य रेल अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, जिससे उसे माल लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी दो जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तथा होली त्योहार के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस एवं सूबेदारगंज तथा बांद्रा टर्मिनस एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है

1. ट्रेन संख्या 04126/04125 बांद्रा टर्मिनसझ्र सूबेदारगंज सुपरफास्ट (साप्ताहिक) स्पेशल [8 फेरे]

ट्रेन संख्या 04126 बांद्रा टर्मिनस-सूबेदारगंज स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को बांद्रा टर्मिनस से 11.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.00 बजे सूबेदारगंज पहुँचेगी। यह ट्रेन 11 मार्च से 1 अप्रैल, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04125 सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज से 05.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 10 से 31 मार्च 2025 तक चलेगी ।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, रूपबास, फतेहपुर सीकरी, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 02200/02199 बांद्रा टर्मिनस -वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सुपरफास्ट (साप्ताहिक) स्पेशल [6 फेरे] ट्रेन संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से 05.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। यह ट्रेन 15 से 29 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 16.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 से 27 मार्च 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, व्यावरा राजगढ़, चचौरा बीनागंज, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा और दतिया स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 04126 की बुकिंग शुरू है, जबकि ट्रेन संख्या 02200 की बुकिंग 11 मार्च, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

**पशिचम रेलवे**

**वार्षिक अनुरक्षण ठेका**

**वरि. डीईई/टीआरएस/बीएल इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड – 396 001 द्वारा ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल/टीआरएस/बीएल/23-24/डब्ल्यूओ/10आर2 दिनांक : 06.03.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : कार्य :** 2 वर्षों की अवधि हेतु एएमसी के दौरान स्पेयर्स के प्रतिस्थापन सहित इलेक्ट्रिक लोको कैब रूफ माउंटेड एयर कंडीशनर्स का वार्षिक अनुरक्षण ठेका. **स्थान** : उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसार, **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 3460139.23. **ईएमडी** : रु. 69,200. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 31.03.2025 को 12.30 बजे तक. खुलने की तिथि एवं समय : 31.03.2025 को 12.30 बजे. **अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in का अवलोकन करें.**
1167

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**ओएचई और पीएसआई संरचनाओं की सफाई और पेंटिंग**

**कार्य का विवरण:** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कल्याण और लोनावाला जिले में ओएचई और पीएसआई संरचनाओं की सफाई और पेंटिंग । **अनुमानित लागत:** ₹ 8807521.54 **ईएमडी:** ₹176200.00 **निविदा पपत्र का शुल्क:** 0.00 **समापन अवधी:** 12 महिने ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 09.04.2025 को 11:00 बजे है। ई- निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है.

**खुली ई-निविदा संख्या : केवायएन-एलडी - 583-पीरिव्हे-24-25-07 आर2**

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है
833

# उमाकांत गायकवाड अंबरनाथ नपा में मुख्याधिकारी के पद पर नियुक्त।

## उमाकांत गायकवाड मुख्याधिकारी के रूप आज ग्रहण करेंगे पद।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. महाराष्ट्र शासन नगर विकास विभाग द्वारा प्रशासनिक विभागों में फेरबदल के अंतर्गत शासन द्वारा पालघर नपा के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड को सोमवार 10 मार्च को उनके वर्तमान पद और कार्यभार से मुक्त करते हुए मंगलवार 11 मार्च को अंबरनाथ नगरपालिका के मुख्याधिकारी के पद को ग्रहण का आदेश पारित किया है। मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड अंबरनाथ नपा में प्रभारी सी.ओ.अभिषेक पराड़कर का स्थान ग्रहण करेंगे। ज्ञात है कि अभिषेक पराड़कर अक्टूबर 2024 में अंबरनाथ नगरपालिका में प्रभारी मुख्याधिकारी के तौर पर कार्य कर रहे थे।

# युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को आयोजित होली हुडदंग

मुंबई , हरजु गरजु संघ व युवा ब्रिगेड एसोसिएशन के द्वारा होली हुड़दंग का आयोजन शुक्रवार 14 को सुबह10.30 बजे से 1.30 बजे तक ,भान बाई निवास,गोकुल हास्पिटल के सामने,महात्मा गांधी रोड,मुलुंड प. पर आयोजित किया गया है ।इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक नरेंद्र भारती एवं टीम होली गीतों,लोक गीतों से मनोरंजन करेंगे ।आयोजक डॉ.बाबूलाल सिंह एवं डॉ.सचिन सिंह ने सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित रह कर एक दुसरे से गले मिलने,रंग,गुलाल लगाने एवं होलीगीतों,भोजपुरी गीतों का आनंद उठाने का अनुरोध किया है।

# पानी की समस्या को लेकर भाजपा महिला आघाड़ी की अध्यक्षा सुजाता भोईर ने एम.जे.पी. कार्यालय में अधिकारियों से मुलाकात की

## अंबरनाथ के शिवगंगा परिसर में 48 घंटे में पानी की समस्या दूर न हुई तो जोरदार आंदोलन होगा- सुजाता भोईर





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. धीरे-धीरे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है और जनता भीषण गर्मी से प्रभावित हो रही है। लोगों का गर्मी से हाल बेहाल होना प्रारंभ हो गया है।ऐसी परिस्थिति में अंबरनाथ पूर्व के शिवगंगा नगर परिसर में रहने वाले स्थानीय नागरिक विगत 15 दिनों से भारी जल संकट का सामना कर रहे है। ऐसी परिस्थिति में सोमवार दोपहर पानी की समस्या के समाधान के लिए अंबरनाथ भाजपा महिला आघाड़ी की अध्यक्षा सुजाता भोईर ने महिला कार्यकताओं और शिवगंगा परिसर की रहिवासी महिलाओं के साथ जलापूर्ति विभाग महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (एमजेपी) कार्यालय में अधिकारियों से मुलाकात की और तल्ख लहजे में शिवगंगा नगर परिसर की पानी की समस्या को दूर करने का आग्रह किया। सुजाता भोईर ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय राजनीतिक नेताओं की दुर्भावना और अधिकारियों की लापरवाही से शिवगंगा परिसर में रहने वाले लोगों को पानी समय से और समुचित मात्रा में उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है जिससे लोगों को पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सुजाता दिलीप भोईर ने सोमवार को एम.जे.पी. कार्यालय में कार्यकारी अभियंता मिलिंद देशपांडे के कक्ष में गई लेकिन वो अपने कक्ष में नहीं मिले तो दूसरे अधिकारी चांदेकर के समक्ष उन्होंने अपनी समस्या रखी। सुजाता भोईर ने कहा कि शिवगंगा परिसर में पानी की भारी समस्या है।मीटर लगे होने और बिल भी बराबर जमा होने के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है।उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। अगले 48 घंटों में शिवगंगा परिसर की पानी की समस्या दूर न हुई तो हमें कड़े कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। जनता की समस्या को दूर करने के लिए हम धरना भी देंगे और दोषी कर्मचारियों के प्रति जनता उग्र होती है तो इसके जिम्मेदार खुद कर्मचारी होंगे।

फास्ट ट्रैक

# ठाणे शहर से कचरा नहीं उठाने से दुर्गंध , पूर्व नगरसेवक नारायण पवार ने दी आंदोलन की चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , सीपी तालाब इलाके के कचरा स्थानांतरण केंद्र में कचरा लाने के विरोध के चलते ठाणे शहर के विभिन्न हिस्सों में कचरे के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। इस इलाके में पिछले दो दिनों से घंटा गाड़ी नहीं घूम रही है और शहर की सोसायटियों के बाहर कचरा जमा होने से बदबू फैल रही है ।इस बीच भाजपा के पूर्व नगर सेवक नारायण पवार ने चेतावनी दी है कि यदि मनपा प्रशासन ने शहर में कचरा हटाने के लिए तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वागले इस्टेट के सीपी तालाब इलाके में मनपा का संकलन केंद्र है ।इस जगह पर कचरे की छंटाई की जाती है और फिर उसे डंपिंग में डाल दिया जाता है ।लेकिन, इस केंद्र में बदबू से नागरिकों को परेशानी हो रही है।शुक्रवार की रात कचरे के ढेर में लगी आग के कारण इस केंद्र पर कचरे के डंपर लाने का विरोध हो रहा है। इस पृष्ठभूमि में मनपा ने समाधान खोजने के बजाय, पिछले दो दिनों से शहर के कुछ हिस्सों में घंटा गाड़ी भेजना बंद कर दिया है ।शहर के विभिन्न हिस्सों में सोसायटियों के बाहर रखा कूड़ा घंटा गाड़ियों से उठाया जाता है। हालांकि पिछले दो दिनों से घंटा गाड़ी न आने के कारण सोसायटी के बाहर ड्रमों में कूड़ा जमा हो गया है। एक ही स्थान पर होने के कारण इस क्षेत्र में दुर्गंध रहती है। मनपा में भाजपा के पूर्व नगर सेवक नारायण पवार ने इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करते हुए मनपा प्रशासन से तत्काल समाधान निकलने की मांग की है। कचरा न हटने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है ।कचरा निस्तारण और डंपिंग मुद्दों पर अब तक करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं। राज्य सरकार ने परियोजना के लिए डायघर में जमीन उपलब्ध करायी।लेकिन प्रशासन कुशलतापूर्वक कचरा निपटान प्रणाली स्थापित नहीं कर सका। सीपी तालाब इलाके में कचरे से होने वाली दुर्गंध का मुद्दा भी नहीं सुलझ सका।पूर्व नगर सेवक नारायण पवार ने बताया कि इससे ठाणे के लोगों को परेशानी हो रही है और शहर का कचरा समय पर नहीं उठने से बीमारी फैलने का डर है।

# डॉ. बी. आर.अम्बेडकर प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता 2025 में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ), मान्धाता के अकोढिया में मेधावी और प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं के बौद्धिक विकास हेतु सम्यक एनजीओ द्वारा डॉ. बी. आर.अम्बेडकर प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। डीजीएलबी पब्लिक स्कूल अकोढिया में सकुशल संपन्न हुई। जनपद के कोने कोने से आए हुए सभी प्रतियोगी शामिल हुए। प्रतियोगिता में भाग लेंगे वाले प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र वितरित किया गया।इस प्रतियोगिता के आयोजन में डीजीएलबी स्कूल के प्रबंधक विशाल बौद्ध ,सम्यक एनजीओ के अध्यक्ष ओम प्रकाश कोरी, दिलीप बौद्ध, प्रमोद राव,रानी सरोज,सुनील कुमार,राज कुमार गौतम,सुरेश गौतम,बबलू ,मिलिंद बौद्ध ,जियालाल आदि सहयोगी परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहे।परीक्षा संचालन मनोज कुमार सचिव (सम्यक एनजीओ), व राम सजीवन गौतम( अंबेडकर बुद्ध विहार पूरे छत्ता) द्वारा किया गया।

# ईपीएस- 95 पेंशनरों के लिए न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये प्रति माह करने की सांसद नरेश म्हस्के ने संसद में उठाई मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ईपीएस-95 (कर्मचारी सेवानिवृत्ति योजना 95) के पेंशनर्स ऐसे समय में कम से कम 1,000 रुपये प्रति माह की पेंशन पर जीवन यापन कर रहे हैं जब महंगाई बढ़ रही है। ठाणे लोकसभा क्षेत्र से सांसद नरेश म्हस्के ने संसद में शून्यकाल के दौरान पेंशनर्स के मुद्दे उठाए और मांग की कि न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये बढ़ाया जाए। सांसद नरेश म्हस्के ने आज सदन का ध्यान केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत ईपीएस-95 पेंशन योजना के पेंशनरों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं की ओर आकर्षित किया। देशभर में, केंद्रीय और राज्य सरकार के उपक्रमों, निजी संस्थानों और कारखानों से जुड़े 78 लाख पेंशनर्स प्रति माह 1,000 रुपये की न्यूनतम पेंशन पर जीवन यापन कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति में, यह राशि अपर्याप्त है और वे बुनियादी आवश्यकताओं और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि 2013 में कोश्यारी समिति, 2018 में श्रम संसदीय समिति और ईपीएफओ की उच्च स्तरीय समिति ने भी प्रति माह 7,500 रुपये की न्यूनतम पेंशन और 10,050 रुपये की अधिकतम पेंशन की सिफारिश की थी, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। पेंशनर्स पिछले 7-8 वर्षों से इस मांग के लिए आंदोलन कर रहे हैं।दुर्भाग्यवश, उनकी आवाज आज तक नहीं सुनी गई है।सांसद नरेश म्हस्के ने एढर-95 पेंशन योजना की तत्काल समीक्षा और न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह बढ़ाने की मांग की। इसके अलावा, पेंशनर्स और उनके परिवारों को महंगाई भत्ता और मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए, जो न केवल पेंशनर्स की जीवन गुणवत्ता में सुधार करेगी बल्कि उनके दशकों के योगदान को भी सम्मानित करेगी। सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि इस सदन और सरकार की जिम्मेदारी है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के मुद्दों को प्राथमिकता दें और उन्हें न्याय दें।पेंशनर्स और ठाणे लोकसभा क्षेत्र के संगठनों ने हाल ही में सांसद नरेश म्हस्के से मुलाकात की और उनसे पेंशनर्स के प्रलंबित मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया।सांसद नरेश म्हस्के ने संसद में पेंशनर्स के मुद्दों को उठाने का वादा किया था।

# जलालाबाद में सपा का प्रदर्शन

## हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और सांड से मौत के पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग

जलालाबाद, समाजवादी पार्टी की नेत्री सूचि कश्यप ने सोमवार दोपहर अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम और सीओ अमित चौरसिया को दो अलग-अलग मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा ।पहला मामला 7 मार्च को थाना जलालाबाद के ग्राम पंचायत फरीदापुर के मजरा काजरबोझी में हुई आशाराम कश्यप की हत्या का है ।इस मामले में आरोपी सुमेर पंडित और कल्लू पंडित अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। मृतक के पुत्र उमेश कश्यप ने बताया कि हत्यारे खुले आम घूम रहे हैं। दोनों आरोपी हिस्ट्रीशीटर हैं और कई जघन्य अपराध कर चुके हैं।पीड़ित परिवार ने 10 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की है। दूसरा मामला ग्राम लालपुर इमलिया का है, जहां सांड के हमले से सुरेंद्र वर्मा की मृत्यु हो गई। उप जिलाधिकारी दुर्गेश यादव को दिए ज्ञापन में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की गई है।मृतक के परिवार में छोटे-छोटे बच्चे हैं

# शाखा प्रमुख सहित कई यूबीटी शिव सैनिक भाजपा में शामिल



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , शिवसेना युबीटी कलवा शाखा प्रमुख ज्ञानेश्वर जामदाड़े सहित कई शिव सैनिकों ने भाजपा का दमन थाम लिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में कामगार मोर्चा के ठाणे जिला अध्यक्ष राकेश चौघुले ने पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकताओं का स्वागत किया है। भाजपा के ठाणे क्षेत्रीय कार्यालय में भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की उपस्थिति में एक कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी के शाखा प्रमुख ज्ञानेश्वर भानुदास जामदाड़े और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इन कार्यकताओं को भाजपा संगठन में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाए।साथ ही, ठाणे शहर जिले में भाजपा को नंबर 1 पार्टी बनने का निर्णय लेने का आग्रह किया गया। साथ ही मजदूर मोर्चा के माध्यम से शहर के मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया ।पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण, जिला महासचिव सचिन पाटील, समीरा भारती, बीएचए युमो क्षेत्रीय सचिव ओंकार चव्हाण, जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा शहर अध्यक्ष नताशा सोनकर, कोपरी मंडल अध्यक्ष शिवाजी रास्कर, कलवा मंडल अध्यक्ष सुदर्शन साल्वी, कामगार मोर्चा जिला महासचिव भगवान आडे, गणेश खोपड़े, साधन सालवी और कोपरी-पचपखाडी विधानसभा संयोजक जीतू विशे, कामगार मोर्चा के उपाध्यक्ष अनिल तुपे, परेश चव्हाण, दीपक कदम, राज भानुशाली, सचिव विकास महाले सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# बाबा रामसरन यादव इंटर कालेज सहिजनपुर के वार्षिकोत्सव में बच्चों का धमाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ (उप्र) , बाबा रामसरन यादव इंटर कालेज ? सहिजनपुर, मान्धाता में वार्षिकोत्सव और होली समारोह में छात्र छात्राओं गीत, ग्रुप डांस और जागरूकता को लेकर बेहतरीन प्रस्तुतिकरण से उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर विधायक जीतलाल पटेल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद पटेल, बीडीसी शाकिर अली, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एडवोकेट राजेंद्र बहादुर, सहित भारी संख्या में पत्रकार और अभिभावक उपस्थित बाबा रामसरन यादव इंटर कालेज के प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव ने सभी मेहमानों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और समारोह का संचालन राजेंद्र यादव ने किया। आए हुए सभी लोगों का आभार प्रधानाचार्य नीरा कुमारी ने व्यक्त किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत बेहतरीन रहे जिसकी तैयारी स्कूल के शिक्षकों ने बहुत ही सुन्दर ढंग से करवाई थी। अभिभावक विद्यालय के इस आयोजन को लेकर काफी उत्साहित नजर आए।बाबा रामसरन इंटर कालेज के प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि अभिभावकों के साथ साथ क्षेत्र के समाजसेवी और जागरूक नागरिकों के सहयोग और मार्गदर्शन से विद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है।हमारे शिक्षकों की मेहनत से प्रत्येक वर्ष हम बढ़िया रिजल्ट दे रहे हैं और अभिभावक संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

# शहर की पुरानी बस्ती के पुनर्वास का विधायक के हाथों भूमिपूजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे शहर के मध्य भाग में स्थित कैसल मिल इलाके की पुरानी बस्ती के पुनर्विकास के लिए भूमिपूजन विधायक संजय केलकर के हाथों किया गया। जीवन ज्योति एसआरए कंपनी हाउसिंग सोसायटी के भव्य प्रोजेक्ट का निर्माण करेगी। विधायक संजय केलकर ने इस अवसर पर कहा कि हम हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि ठाणे के नागरिकों को अच्छे, गुणवत्ता वाले घर मिलें।हमने हर बार नागरिकों की हर समस्या के लिए आवाज उठाई है। विधायक संजय केलकर ने विश्वास व्यक्त किया कि हमारा कार्य तब तक जारी रहेगा जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय नहीं मिल जाता।ठाणे शहर में पुरानी इमारतों और झुग्गियों का पुनर्विकास चरणबद्ध तरीके से चल रहा है और आम नागरिकों को उनका वाजिब और आधिकारिक घर दिलाने के लिए विभिन्न विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इस उद्घाटन के अवसर पर डेवलपर सीताराम राणे, वरिष्ठ वास्तु विशारद उल्हास प्रधान, मनपा परिवहन सदस्य विकास पाटील, भाजपा शहर उपाध्यक्ष महेश कदम परियोजना निदेशक शत्रुघ्न यादव, श्रीमती जयश्री नलगे, किशोर नेनवानी, स्थानीय नागरिक और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अंबरनाथ में अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं को सम्मानित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में रविवार 9 मार्च को अंबरनाथ पूर्व स्थित पी.सी.प्वाइंट कंप्यूटर सेंटर में महिलाओं के सम्मान और समाज में उनके योगदान पर चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया। अंबरनाथ शहर के विकास और उत्थान में भूमिका निभाने वाली और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में विपिन तिवारी,मनीष ठाकुर और दीपक कुकरेजा उपस्थित थे। संस्था के पदाधिकारियों में अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन के महाराष्ट्र प्रभारी अजयराव चिरिवेल्ला, प्रदीप कुमावत,राजेंद्र सूर्यवंशी,शत्रुघ्न उमाप, प्रफुल्ल केदार,महिला पदाधिकारियों में नेहा गोसावी,दर्शना चिरिवेल्ला, भानु पाल,अनूप अहीरे, सुषमा मोहिते, आरती भोरकंडे, पूर्णिमा जाधव, अनीता श्रेयांन आदि उपस्थित थे।

# सैटेलाइट और ड्रोन के माध्यम से फसल सर्वेक्षण करने पर विचार: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , सरकार किसानों के 7/12 भूमि अभिलेखों में फसलों के सटीक रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के लिए एक ऐप के माध्यम से ई-फसल सर्वेक्षण कर रही है। यह सर्वेक्षण अनिवार्य किया गया है। हालांकि, किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करते समय सरकार इस शर्त को शिथिल कर देती है। भविष्य में फसल सर्वेक्षण में अधिक सटीकता लाने के लिए, सरकार महाराष्ट्र रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सेंटर (टफरअउ) के सहयोग से सैटेलाइट और ड्रोन के माध्यम से फसल सर्वेक्षण करने पर विचार कर रही है, यह जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा के प्रश्नोत्तर काल में दी ।सदस्य कैलास पाटिल ने ई-फसल सर्वेक्षण के संबंध में प्रश्न उठाया था। इस प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि उन क्षेत्रों में जहां नेटवर्क की समस्याओं या तकनीकी कठिनाइयों के कारण ई-फसल सर्वेक्षण करना संभव नहीं है, वहां ऑफलाइन फसल सर्वेक्षण करने और बाद में उसे ऑनलाइन अपडेट करने की अनुमति दी गई है। सरकार समय-समय पर किसानों को सहायता प्रदान करती है और इस दौरान ई-फसल सर्वेक्षण की अनिवार्यता में छूट दी जाती है ।यदि गांव स्तर पर ई-फसल सर्वेक्षण नहीं किया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, सरकार राजस्व, कृषि और ग्रामीण विकास विभागों के बीच समन्वय स्थापित करके सटीक फसल सर्वेक्षण सुनिश्चित करने की योजना बना रही है। उद्देश्य यह है कि फसल सर्वेक्षण की सटीकता बढ़ाई जाए, ताकि फसल बीमा योजना का लाभ पात्र किसानों को मिले। इससे वास्तविक पात्र किसानों तक सहायता पहुंच सकेगी। जिला परिषद कृषि विभाग और राज्य सरकार के कृषि विभाग को एक साथ लाने और इस संबंध में एक उचित नीति बनाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे, मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा ।इसी प्रश्न के उत्तर में राजस्व राज्यमंत्री योगेश कदम ने बताया कि जहां नेटवर्क नहीं है, जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में, वहां तलाठी (गांव राजस्व अधिकारी) फसल सर्वेक्षण करेंगे, जिसे मंडल अधिकारी स्तर पर आधिकारिक मंजूरी दी जाएगी। जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण फसल सर्वेक्षण में बाधा उत्पन्न होती है, वहां ऑफलाइन फसल सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए जाएंगा। इस चर्चा में सदस्य प्रताप अडसड, सत्यजीत देशमुख, भास्कर जाधव, रणधीर सावरकर और अमित झनक ने भाग लिया।

# संविदाकर्मियों का वेतन दो माह से लंबित

## विद्युत कर्मियों का प्रदर्शन, होली से पहले भुगतान की मांग



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, विद्युत विभाग के संविदाकर्मियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। इस मुद्दे को लेकर कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। शहर में कुल पांच डिवीजन हैं। पुवायां और जलालाबाद डिवीजन में तैनात कर्मचारियों को पूर्व कार्यदायी संस्था की ओर से अभी तक भुगतान नहीं किया गया है।

इसके अलावा वर्तमान कंपनी ने भी फरवरी माह का वेतन नहीं दिया है। दिन-रात कर रहे काम संविदाकर्मियों का कहना है कि वे दिन-रात काम कर रहे हैं।होली का त्योहार सामने है और वेतन न मिलने से उनके सामने परिवार के साथ त्योहार मनाने की चुनौती खड़ी हो गई है।कर्मचारियों ने चार अधीक्षण अभियंता से मुलाकात की। उन्होंने ने जल्द ही वेतन भुगतान कराने का आश्वासन दिया है।

# ईको-चालक और महिला यात्री के बीच किराए को लेकर विवाद



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक महिला और ईको चालक के बीच किराए को लेकर हुए विवाद का मामला सामने आया है। महिला ने चालक पर लूट का आरोप लगाया है।पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध पाया गया है।नागरपाल गांव की रहने वाली ललिता अपने पति के साथ निगोही स्थित ससुराल जा रही थी।वह हरदोई चौराहे से ईको में सवार हुई। उसे रोडवेज बस अड्डे जाना था। सरायकाईयां मोहल्ले में पहुंचने पर महिला ने आरोप लगाया कि चालक ने उसका मोबाइल, रुपये और जेवर छीनकर उसे उतार दिया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया कि महिला का चालक से किराए को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद चालक वाहन लेकर चला गया।पुलिस ने महिला को थाने लाया


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# मस्क ने यूक्रेन में इंटरनेट बंद करने की धमकी दी

## बोले- सिस्टम बंद किया तो डिफेंस लाइन ढह जाएगी; बाद में कहा- ऐसा कभी नहीं करूंगा

एजेंसी

वॉशिंगटन, टेस्ला और स्टारलिंक के सीईओ इलॉन मस्क ने यूक्रेन को इंटरनेट बंद करने की धमकी दी है। मस्क ने रविवार को कहा कि अगर उन्होंने यूक्रेन में अपना स्टारलिंक इंटरनेट सिस्टम बंद कर दिया तो यूक्रेन की डिफेंस लाइन ढह जाएगी। मस्क का स्टारलिंक इंटरनेट सिस्टम, यूक्रेन को मिलिट्री कम्युनिकेशन (सैन्य संचार) बनाए रखने में मददगार रहा है। हालांकि, बाद में उन्होंने दूसरे एक्स पोस्ट में सफाई देते हुए कहा कि चाहे मैं कितना भी यूक्रेन की पॉलिसी के खिलाफ रहूं, मैं कभी वहां स्टारलिंक के टर्मिनल बंद नहीं करूंगा। मैं स्टारलिंक इंटरनेट को सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल नहीं करूंगा। मस्क के पहले पोस्ट पर पोलैंड के विदेश मंत्री रैदोस्लाव सिकोर्स्की ने लिखा कि यूक्रेन के स्टारलिंक के लिए पोलैंड सालाना 50 मिलियन डॉलर (436 करोड़ रुपए) देता है। किसी जंग में विक्टिम को डराना धमकाना तो अलग बात है, लेकिन अगर स्पेसएक्स इंटरनेट प्रोवाइडर के




तौर पर भरोसेमंद नहीं रहता है, तो हमें विकल्प खोजने होंगे। इसके जवाब में मस्क ने कहा, चुप बैठो, छोटे आदमी। तुम स्टारलिंक की कीमत का एक छोटा सा हिस्सा देते हो। वैसे भी स्टारलिंक का कोई विकल्प नहीं है। स्टारलिंक धरती की निचली कक्षा यानी लो-अर्थ ऑर्बिट (लियो) में सैटेलाइट्स के जाल को ऑपरेट करता है और इसके जरिए कई देशों में अंतरिक्ष आधारित यानी स्पेस बेस्ड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी मुहैया करता है। कंपनी दुनिया भर में किसी भी जगह पर स्मार्टफोन को सीधे सैटेलाइट से इंटरनेट सर्विस दे सकती है। आमतौर पर इंटरनेट सैटेलाइट पृथ्वी से 36 हजार किमी की दूरी पर कक्षा में परिक्रमा करते हैं। लेकिन मस्क की स्टारलिंक के सैटेलाइट धरती से 550 किमी की दूरी पर परिक्रमा करते हैं। सामान्य सैटेलाइट से इंटरनेट की लेटेंसी 600 मिली सेकंड या 0.6 सेकंड होती है। वहीं स्टारलिंक सैटेलाइट से इंटरनेट की लेटेंसी 20 मिली सेकंड 0.02 सेकंड होती है। यानी पृथ्वी से किसी डेटा को सैटेलाइट तक जाने और सैटेलाइल से वापस आने में 0.02 सेकंड का समय लगता है। अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद पर रोक लगा दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इससे एक अरब डॉलर (8.7 हजार करोड़ रुपए) के हथियार और गोला-बारूद संबंधी मदद पर असर पड़ सकता है। इन्हें जल्द ही यूक्रेन को डिलीवर किया जाना था। ट्रम्प के आदेश के बाद उस मदद को भी रोक दिया गया है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन सिर्फ अमेरिकी डिफेंस कंपनियों से सीधे नए सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए कर सकता है। अमेरिकी सहायता रोके जाने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने सीएनएन से कहा कि यह साफ है कि फैसला जेलेंस्की के बुरे बर्ताव की वजह से उठाया गया। उन्होंने कहा कि अगर जेलेंस्की जंग को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश करते हैं, तब शायद ये रोक हटाई जा सकती है। अमेरिका ने 5 मार्च से यूक्रेन के साथ सीक्रेट जानकारी शेयर करके पर रोक लगाई। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइक वाल्ट्ज का कहना है कि हमने यूक्रेन के साथ खुफिया जानकारी साझा करने के मामले में एक कदम पीछे ले लिया है।

# नॉर्थ कोरिया न्यूक्लियर पनडुब्बनी बना रहा

## ये साउथ कोरिया और अमेरिका के लिए खतरा; एक्सपर्ट बोले- रूस ने मदद की

एजेंसी

सियोल, नॉर्थ कोरिया न्यूक्लियर पावर से चलने वाली पनडुब्बी बना रहा है। शनिवार को स्टेट मीडिया ने इसकी तस्वीरें जारी की थीं। ये तस्वीरें किम जॉन्ग उन के शिपयार्ड दौरे की थीं, जहां ये पनडुब्बी बनाई जा रही हैं। ऐसी आशंका है कि नॉर्थ कोरिया को ये पनडुब्बी बनाने के लिए रूस ने तकनीकी मदद दी होगी दी गई जानकारी में पनडुब्बी को न्यूक्लियर पावर्ड स्ट्रेटिजिक गाइडेड मिसाइल सबमरीन बताया गया। कोरिया की सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने सबमरीन के बारे में जानकारी तो नहीं दी, लेकिन ये



बताया कि किम को इसके निर्माण की जानकारी दी गई। इसे लेकर अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता ब्रायन ह्यू ने कहा कि हमें इन दावों के बारे में पता है, लेकिन अभी इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। अमेरिका, नॉर्थ कोरिया से न्यूक्लियर हथियार खत्म करने को लेकर प्रतिबद्ध है। सियोल की हंगयांग यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और साउथ कोरिया के सबमरीन एक्सपर्ट मून कियून-सिक ने बताया कि ये पनडुब्बी 6,000 टन क्लास या 7,000 टन क्लास कैटेगरी की हो सकती है, जो एक बार में 10 मिसाइल ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्ट्रेटिजिक गाइडेड मिसाइल का मतलब है कि ये सबमरीन न्यूक्लियर क्षमताओं से लैस हथियारों को ले जाने में सक्षम है। ये पनडुब्बी साउथ कोरिया और अमेरिका के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने ये भी कहा कि रूस ने ये पनडुब्बी बनाने में नॉर्थ कोरिया को तकनीकी मदद मुहैया कराई होगी। इसके बदले में नॉर्थ कोरिया ने रूस को यूक्रेन के खिलाफ जंग में आधुनिक हथियार और सैनिक मुहैया कराए होंगे। नॉर्थ कोरियाई राष्ट्रपति किम जॉन्ग उन ने 2021 में कहा था कि अमेरिकी की तरफ बढ़ रहे सैन्य खतरे से निपटने के लिए हम आधुनिक हथियारों का जखीरा तैयार करेंगे। इन हथियारों की लिस्ट में न्यूक्लियर पावर वाली सबमरीन भी शामिल थी। इसके अलावा सॉलिड फ्यूल से चलने वाली इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, हाइपर-सॉनिक वेपन, स्पाई सैटेलाइट और मल्टी वॉर-हेड मिसाइल शामिल हैं। नॉर्थ कोरिया ने कई हथियारों की टेस्टिंग भी की है। मून कियून-सिक ने कहा कि नॉर्थ कोरिया के पास पानी के

# जर्मनी में कर्मचारी हड़ताल, 13 एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द

## 5 लाख यात्री प्रभावित; सैलरी बढ़ाने की मांग कर रहे 25 लाख वर्कर्स

एजेंसी

बर्लिन, जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल बुलाई है। इसकी वजह से सोमवार (भारतीय समयानुसार) को पूरे देश की हवाई यात्रा ठप हो गई है। 5 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए हैं। पूरे देश में 13 प्रमुख एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द की गईं , जिनमें स्टटगार्ट और म्यूनिख जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स भी शामिल हैं। बर्लिन एयरपोर्ट ने सभी रेगुलर टेकऑफ और लैंडिंग कैंसिल कर दी हैं। अकेले हैम्बर्ग एयरपोर्ट पर सैकड़ों उड़ाने प्रभावित हुईं, जिसकी वजह से 40 हजार पैसेंजर्स को दिक्कत का सामना करना पड़ा। यूरोप के सबसे बिजी एयरपोर्ट्स में से एक फ्रैंकफर्ट पर लगभग पूरी तरह तालाबंदी हो गई और 1,116 में से 1,054 उड़ानें रद्द कर दी गईं। देश की 25 लाख सरकारी कर्मचारियों वाली यूनियन ने सैलरी बढ़ाने की मांग लेकर इस हड़ताल का ऐलान किया था। जर्मनी के समय के मुताबिक ये हड़ताल सोमवार से शुरू होनी थी, लेकिन इसे तय समय से एक दिन पहले रविवार को ही शुरू कर दिया गया रविवार रात से शुरू हुई इस हड़ताल में पब्लिक डिपार्टमेंट के



वर्कर्स, ग्राउंड स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड्स शामिल हैं। इसकी वजह से ज्यादातर जर्मन एयरपोर्ट पर विमान की आवाजाही रुक गई। हैम्बर्ग एयरपोर्ट पर रविवार को 280 में से सिर्फ 10 उड़ान ही तय समय पर चलीं। कई सर्विस डेस्क खाली पड़े थे।

फ्लाइट्स के आने जाने की सूचना देने वाले इलेक्ट्रिक बोर्ड्स पर सिर्फ रद्द लिखा था। वर्कर्स यूनियन कई महीनों से एक नए समझौते पर बात कर रहा है, जिसका मकसद कॉर्पोरेट वर्कर्स के हेल्थ और सुरक्षा में व्यवस्था में सुधार करना, ज्यादा छुट्टियों की मांग, सालाना बोनस में 50% की वृद्धि करना और कर्मचारियों की रेगुलर और अनिवार्य मेडिकल टेस्ट के लिए डॉक्टर चुनने की स्वतंत्रता देने की मांग शामिल है।

### छुट्टियों की वजह से पैसेंजर्स को ज्यादा दिक्कत

एयरपोर्ट की प्रवक्ता कैटजा ब्रोम ने कहा- ट्रेड यूनियन का व्यवहार अपमानजनक है। बिना किसी सूचना के यह हड़ताल शुरू की गई, इस समय देश में छुट्टियों का मौसम चल रहा है, जिस वजह से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उम्मीद है अब सोमवार शाम से ही एयरपोर्ट पर नॉर्मल ऑपरेशन शुरू होगा।

ब्रोम ने कहा कि रविवार का विरोध प्रदर्शन उन हजारों पैसेंजर्स को परेशान करने वाला है जिनका इस पूरे मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

# भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द

## पीएम जोथम ने पासपोर्ट कैंसिल करने का आदेश दिया

एजेंसी

पोर्ट विला, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर और भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द होगी। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने नागरिकता आयोग को ललित मोदी को जारी पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। वानुअतु डेली पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यह फैसला उन रिपोर्ट्स के



आधार पर लिया गया है, जिनमें ये दावा किया गया था कि ललित मोदी भारत में प्रत्यर्पण से बचने की कोशिश कर रहा है। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कई रिपोर्ट्स छपी थीं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के बयान में कहा गया कि इंटरपोल ने दो बार ललित मोदी के खिलाफ अलर्ट जारी करने से मना कर दिया था। इसके चलते उसके पासपोर्ट आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया गया था। उसका बैकग्राउंड जांचने के बाद भी उसे किसी अपराध में दोषी नहीं पाया गया था। वानुअतु की नागरिकता लेने के बाद ललित मोदी ने भारतीय पासपोर्ट को सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था।

विदेश मंत्रालय ने 7 मार्च को बताया था कि ललित ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में पासपोर्ट जमा किया था। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिकता ले ली है। हम उनके खिलाफ मामले को कानून के अनुसार आगे बढ़ाते रहेंगे।

### बाद भूपेश बघेल के बेटे के घर ईडी की टीम ने मारा छापा

एजेंसी

भिलाई: छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की टीम ने आज दबिश दी. सुबह से चल रही कार्रवाई के दौरान बघेल के घर के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जमा हैं. दोपहर के वक्त आज ईडी की टीम ने घर के भीतर नोट गिनने वाली मशीन मंगाई. करीब एक घंटे के बाद नोट गिनने वाली मशीन को वापस भेज दिया गया. कहा जा रहा है कि कथित शराब घोटाला केस में ईडी की ओर से दबिश दी गई है.ईडी के अधिकारी भूपेश बघेल के घर से बाहर निकलेः जांच के बाद प्रवर्तन निदेशालय की टीम भूपेश बघेल के घर से बाहर निकली. भूपेश बघेल ने कहा कि दबाव में आकर ईडी ने ये कार्रवाई की है. बघेल ने कहा कि जिस केस में कोर्ट ने उनको बरी कर दिया है उसी को लेकर ये लोग बौखलाए हुए हैं.


### सार्वजनिक निर्माण विभाग

**निविदा सूचना क्र. 74 वर्ष 2024-25**

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत इकाई (सा. नि.) विभाग, 2री मंजिल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई - 400001 दूरभाष क्र. 022-22016974 / 76 के माध्यम से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी ठेकेदारों से बी-1 प्रारूप में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. कोरी निविदा का प्रारूप कार्यकारी अभियंता, एकात्मिकृत घटक (सा. नि.) विभाग, मुंबई के कार्यालय से दिनांक 07/03/2025 से 14/03/2025 तक दोपहर 15:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है. भरी हुई एवं सीलबंद निविदाएं दिनांक 17/03/2025 को दोपहर 15:05 बजे तक स्वीकार की जाएंगी और संभवतः उसी दिन खोली जाएंगी.

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपए) | बयाना रकम (रुपए) | वर्ग | काम पूर्ण करने की अवधि | निविदा के प्रारूप का प्रकार | कोरे निविदा प्रारूप का मूल्य (रुपए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स परिसर, मुंबई के न्यू नर्सेस हॉस्टल भवन में सातवीं मंजिल के कॉमन पैसेज क्षेत्र में फर्श और डैडो नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य | ८२८१८८/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 2. | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स परिसर, मुंबई के न्यू नर्सेस हॉस्टल भवन में छठी मंजिल के कॉमन पैसेज क्षेत्र में फर्श और डैडो नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य. | ८२७२५१/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 3. | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स परिसर, मुंबई के न्यू नर्सेस हॉस्टल भवन में पाँचवीं मंजिल के कॉमन पैसेज क्षेत्र में फर्श और डैडो नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य. | ८२६९४७/- | ७०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 4. | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स परिसर, मुंबई के न्यू नर्सेस हॉस्टल भवन में चौथी मंजिल के कॉमन पैसेज क्षेत्र में फर्श और डैडो नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य. | ८२६०११/- | ३०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 5. | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स परिसर, मुंबई के न्यू नर्सेस हॉस्टल भवन में तीसरी मंजिल के कॉमन पैसेज क्षेत्र में फर्श और डैडो नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य. | ८२५१३३/- | ७०००/- | वर्ग-९ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 6. | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स परिसर, मुंबई के न्यू नर्सेस हॉस्टल भवन में पहली मंजिल के कॉमन पैसेज क्षेत्र में फर्श और डैडो नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य. | ८२३२६८/- | ६०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 7. | सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स परिसर, मुंबई के न्यू नर्सेस हॉस्टल भवन में दूसरी मंजिल के कॉमन पैसेज क्षेत्र में फर्श और डैडो नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य. | ८२४०१०/- | ६०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 8. | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई में वीआईपी नर्सिंग के पास लिफ्ट के नवीनीकरण का कार्य. | ८३७७४६/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 9. | जी.टी. हॉस्पिटल, मुंबई परिसर में लो-राइज बिल्डिंग के थ्री क्लास क्वार्टर्स, कमरा नं. 04, 304, 702, 701 में प्लास्टर और पेंटिंग कार्य सहित मरम्मत और नवीनीकरण कार्य. | ८३२५१६/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 10. | जी.टी. हॉस्पिटल परिसर, मुंबई में बाहरी खिड़कियों की मरम्मत, टेरेस वॉटरप्रूफिंग, रेनकोट पेंटिंग, सीवर लाइन, चैंबर सफाई, पेड़ों की बची हुई शाखाओं को हटानेस मौसमी शेड लगाने और तिरपाल आपूर्ति से संबंधित कार्य. | ४४६३४५/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 11. | जी.टी. हॉस्पिटल, मुंबई की हाई-राइज बिल्डिंग में सातवीं से दसवीं मंजिल तक कमरों के फर्श, प्लास्टर और पेंटिंग कार्य की मरम्मत एवं नवीनीकरण. | ८३२६४८/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 12. | जी.टी. हॉस्पिटल परिसर, मुंबई में ओपीडी और सर्जिकल भवन की मरम्मत कार्य. | ६०६४३७/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 13. | जी.टी. हॉस्पिटल, मुंबई में प्रिंस ऑफ वेल्स भवन के पास पंप रूम की प्लास्टरिंग, पेंटिंग, दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत कार्य. | ७०८४२२/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 14. | जी.टी. हॉस्पिटल, मुंबई में एक्स-रे विभाग और प्रशासनिक भवन की छत पर शेड का निर्माण कार्य. | ८४३३५३/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 15. | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई में बिल्डिंग नं. 3 की मरम्मत कार्य. | ८२५२७६/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |
| 16. | सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल, मुंबई में बिल्डिंग नं. 2 की मरम्मत कार्य. | ८२८१५४/- | ९०००/- | वर्ग-७ एवं ऊपर | १०० दिवस | ब-१ | ५९०/- |

कार्यकारी अभियंता, एकात्मिक इकाई (सा.नि.) विभाग, मुंबई के कार्यालय में सूचना फलक पर विस्तृत निविदा सूचना अवलोकन हेतु उपलब्ध है. एक अथवा सभी निविदा को बिना कोई कारण दर्शाए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.

जा. क्र. एघ (सा.नि.) वि/निविदा/1403

कार्यकारी अभियंता का कार्यालय,

एकात्मिक घटक (सा.नि.) विभाग, बांधकाम भवन, 2री मंजिल, 25 मर्जबान रोड, फोर्ट, मुंबई – 400 001

दूरभाष क्र. 22016974/76 दिनांक : 27.02.2025

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता,
एकात्मिक घटक (सा.नि.) विभाग
फोर्ट, मुंबई

DGIPR/2024-2025/6987



### पश्चिम रेलवे की ओर से तीन जोड़ी त्यौहार विशेष सुपरफास्ट गाड़ियों का संचालन

| गाड़ी संख्या | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04126 | बांद्रा टर्मिनस – सुबेदारगंज | 11.03.2025 से 01.04.2025 तक | 11.15 बजे (मंगलवार) | 17.00 बजे (अगले दिन) |
| 04125 | सुबेदारगंज – बांद्रा टर्मिनस | 10.03.2025 से 31.03.2025 तक | 05.20 बजे (सोमवार) | 09.30 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, रूपबास, फतेहपुर सिकरी, आगरा फोर्ट, टुंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : एसी 3-टियर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |
| 02200 | बांद्रा टर्मिनस – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 15.03.2025 से 29.03.2025 तक | 05.10 बजे (शनिवार) | 05.00 बजे (अगले दिन) |
| 02199 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी – बांद्रा टर्मिनस | 13.03.2025 से 27.03.2025 तक | 16.50 बजे (गुरुवार) | 16.10 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मकसी, ब्यावरा राजगढ, चाचौरा बीनागंज, रूथियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डाबरा और दतिया स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकॉनमी), शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस | | | | |
| 09013 | बांद्रा टर्मिनस – भावनगर टर्मिनस | 11.03.2025 | 19.25 बजे (मंगलवार) | 09.00 बजे (अगले दिन) |
| 09014 | भावनगर टर्मिनस – बांद्रा टर्मिनस | 13.03.2025 | 04.00 बजे (गुरुवार) | 17.00 बजे (उसी दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, वीरमगाम, सुरेंद्रनगर गेट, बोताड, धोला, सोनगढ और सीहोर गुजरात स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 04126 के लिए बुकिंग शुरू है जबकि गाड़ी क्र. 02200 और 09013 के लिए बुकिंग 11.03.2025 से शुरु होगी और गाड़ी क्र. 09014 के लिए बुकिंग 12.03.2025 से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाडियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे

wr.indianrailways.gov.in

हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

## संक्षेप

### चेन स्नैचिंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**एक पर 15 दूसरे पर 38 मुकदमे, सोने की चेन और तमंचे-बाइक बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, गजरौला पुलिस और एसओजी टीम ने चेन स्नैचिंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई सोने की चेन, दो तमंचे और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। टीचर्स कॉलोनी निवासी पुष्पा प्रजापति से दो मास्कधारी बदमाशों ने चेन छीन ली थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर क्षेत्राधिकारी धनौरा के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। 10 मार्च को तिगरी चेक पोस्ट से दो आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपी आजाद अली बिजनौर के जमालपुर का है, जो वर्तमान में मेरठ में रह रहा था। दूसरा आरोपी फरमान मेरठ के रशीदनगर का निवासी है। पुलिस ने इनसे 315 बोर के दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और बिना नंबर की सफेद प्लसर 200 बाइक बरामद की। दोनों को भेजा गया जेल दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। सर्किल सीओ श्वेताभ भास्कर के अनुसार, दोनों शातिर अपराधी हैं। फरमान पर 15 और आजाद अली पर 38 संगीन मुकदमे मुरादाबाद और मेरठ मंडल में दर्ज हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### होली से पहले खाद्य विभाग की कार्रवाई

**दूध, खोवा और मिठाई समेत 9 नमूने जांच के लिए भेजे; खुली मिठाई बेचने पर रोक**

अमरोहा, खाद्य सुरक्षा विभाग ने होली त्योहार को देखते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने दूध, खोवा, मिठाई, रंगीन कचरी, सरसों का तेल, बेसन और मैदा के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। सहायक आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरीन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने कुल 9 नमूने इकट्ठे किए। जोया में नूरानी दूध संग्रह केंद्र से दूध का नमूना लिया गया। गुप्ता दूध भंडार से खोवा और गोल्डन मिष्ठान भंडार से बर्फी के नमूने लिए गए। अमरोहा के मोहल्ला कुरेशी स्थित मदीना डेरी से घी और दूध के नमूने लिए गए। मंडी समिति स्थित दो दुकानों से सरसों के तेल के नमूने लिए। कांकर सराय से दूध और गांव धनौरी निवासी मोहम्मद शकील से खोया का नमूना लिया गया। रंगीन कचरी न खरीदने की अपील टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार, विपिन कुमार, कुलदीप कुमार दीक्षित, राकेश कुमार और मनोज कुमार कलश्यान शामिल थे।

सहायक आयुक्त ने दुकानदारों से अपील की है कि होली पर रंगीन कचरी और खुली मिठाइयां न बेचें। उन्होंने कहा कि मिठाइयां सिर्फ काउंटर से ही बेचें। लोगों से भी अपील की गई है कि वे रंगीन कचरी न खरीदें।

# पत्नी की गोली मारकर हत्या

**बेटा दौड़ा तो पापा तमंचा और चाचा चाकू लेकर खड़े थे, डराया- किसी को बताया तो मार डालेंगे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, पति ने गोली मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इसमें महिला के 2 देवर ने भी साथ दिया। वारदात धूमनगंज के नींवा इलाके में शनिवार आधी रात की है। गोली की आवाज सुनकर बगल के कमरे में सो रहे बेटा दौड़ा तो देखा कि पिता हाथ में तमंचा और चाचा चाकू लिए खड़े थे। मां प्रीति भारती खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थी। आरोपी बेटे को धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। धूमनगंज के पीपल गांव की रहने वाली प्रीति की शादी 18 साल पहले माला-फूल बेचने वाले राजेश भारती के साथ हुई थी। प्रीति आंगनबाड़ी में शिक्षिका थीं। सूचना पर धूमनगंज इंस्पेक्टर अमरनाथ राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को 14 साल के बेटे ने बताया- सब खाना खाकर सोने चले गए। आधी रात मैं अपने कमरे में सो रहा था। उसी समय गोली चलने की तेज आवाज से नींद खुली। मैं भागकर मम्मी के कमरे में पहुंचा। देखा कि पापा हाथ में तमंचा लेकर खड़े हैं, दोनों चाचा भी खड़े थे जिनमें एक के हाथ में चाकू था। चाचा और पापा ने धमकी दी कि अगर किसी को कुछ भी बताया तो मेरी और बहन की भी हत्या कर देंगे। इसके बाद तीनों लोग घर से भाग गए। मैंने फोन कर मामा पंकज को पूरी जानकारी दी। बेटे ने पुलिस को बताया- करीब एक साल पहले चाचा दीपक ने मेरी मम्मी के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की थी। इस पर मां ने चाचा को थप्पड़ मारा था। इसी को लेकर आए दिन चाचा, मम्मी और पापा में झगड़ा होता था। पापा भी चाचा का ही पक्ष लेते थे। इस कारण मम्मी पापा में खुन्नस रहती थी। धूमनगंज इंस्पेक्टर अमरनाथ राय ने बताया- पुलिस ने प्रीति के बेटे की तहरीर पर पति राजेश और देवर दीपक, राकेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई गई हैं। प्रीति भारती की हत्या को लेकर पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आए दिन उसका पति से झगड़ा होता था। यही कारण थी कि वह दूसरी जगह पर रहती थी और कभी-कभी यहां आती थी। ऐसे में विवाद का भी बड़ा कारण यह भी था। उसका पति चाहता था कि अलग ना रहे और साथ में ही रहे। कुछ पड़ोसियों ने इस बात की भी तस्दीक की है। पुलिस अवैध संबंध के एंगल को लेकर भी पूरे मामले को खंगाल रही है।

मोहल्ले में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि प्रीति का किसी व्यक्ति से अवैध संबंध चल रहा था। इसी कारण पति और पत्नी के बीच बनती नहीं थी। यह भी विवाद का बड़ा कारण था।

# पार्षदों ने महापौर को लिखा लेटर

**बोले- निगम के कर्मचारियों और पार्षदों के लिए शिवालय पार्क की एंट्री फ्री हो**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, महाकुंभ को भव्य, दिव्य और डिजीटल बनाने के साथ ही शहर को कई सौगात मिली। इसमें नगर निगम की तरफ से अरैल में करोड़ों की लागत से शिवालय पार्क तैयार किया गया। जहां पर पार्क तैयार करने वाली कंपनी ने 50 रुपए और 30 रुपए शुल्क निर्धारित किया है इसमें निगम के पार्षद और निगम कर्मचारियों से भी शुल्क वसूला जा रहा है। पार्षदों ने इसका विरोध किया और सोमवार को महापौर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। इसमें मांग की गई है कि पार्षदों और नगर निगम कर्मचारियों को पार्क में प्रवेश निशुल्क किया जाए। नगर निगम की तरफ से अरैल में जे-टेक इंडिया लिमिटेड के सहयोग से कूड़े से शिवालय पार्क तैयार कराया गया। महाकुंभ के दौरान प्रतिदिन दस से 12 हजार लोग पार्क को देखने के लिए पहुंच रहे थे। इससे निगम को भी अलग से आय हो रही थी। जार्जटाउन वार्ड के पार्षद आशीष द्विवेदी ने बताया- वह अपने परिवार के साथ पहली बार शिवालय पार्क घूमने गए थे। वहां पर कर्मचारियों ने परिचय देने के बाद भी उनसे टिकट लेने की बात कही। कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए पार्क में निशुल्क प्रवेश नहीं मिल सकता। महाकुंभ के दौरान ही 26 जनवरी को महापौर गणेश केसरवानी ने पार्षदों की मांग पर उनके लिए पार्क में निशुल्क प्रवेश की घोषणा की थी। मोहत्सीमगंज की पार्षद कुसुम लता का कहना है कि निगम जन प्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार का भत्ता नहीं मिलता है। इसको देखते हुए महापौर की तरफ से इसकी घोषणा की गई थी। महापौर के निर्देश के बाद पार्क तैयार करने वाली कंपनी की तरफ एक पार्षद के साथ ऐसा व्यवहार निंदनीय है। इसी को देखते हुए महापौर को मांग पत्र सौंपने आए थे।

# भीम आर्मी के नेता नजरबंद



**लखनऊ में प्रदर्शन की थी तैयारी, जिला-मंडल अध्यक्षों के घर पुलिस तैनात**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संविधान में हो रहे बदलावों के विरोध में आज होने वाले प्रदर्शन से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने भीम आर्मी के कई नेताओं को नजरबंद कर दिया है। अमेठी के जामों में पुलिस ने भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष आजाद अरुण अंबेडकर को हाउस अरेस्ट किया है। इसके साथ ही अयोध्या मंडल अध्यक्ष अरुण शास्त्री समेत कई पदाधिकारियों को भी घरों में नजरबंद किया गया है। सभी नेताओं के घरों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। लखनऊ न पहुंचने देने की कोशिश भीम आर्मी ने आज लखनऊ में बड़ा विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। इसके लिए पूरे प्रदेश से कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। लेकिन कार्यकर्ताओं के लखनऊ पहुंचने से पहले ही पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस की कोशिश है कि कोई भी नेता लखनऊ न पहुंच सके।

# चलती ट्रेन में दरवाजे पर बैठकर यात्रा करना पड़ा महंगा

**मथुरा में प्लेटफॉर्म से टकराया युवक का पैर, अस्पताल में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक युवक की लापरवाही उसे भारी पड़ गई। सिकंदराऊ निवासी विष्णु पुत्र मुन्ना चलती ट्रेन के पैरदान पर बैठकर यात्रा कर रहा था। अछनेरा रेलवे स्टेशन के पास उसका पैर प्लेटफॉर्म से टकरा गया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मथुरा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल विष्णु ने बताया कि वह अपने बाबा के ब्राह्मण भोज का न्योता देने के बाद अछनेरा के कागरोल से सिकंदराऊ जा रहा था। रास्ते में उसने चलती ट्रेन के पैरदान पर बैठकर यात्रा करने का खतरनाक निर्णय लिया। यह निर्णय उसके लिए दुर्घटना का कारण बन गया। रेलवे सुरक्षा नियमों के अनुसार, ट्रेन के पैरदान पर यात्रा करना दंडनीय अपराध है। यह घटना रेल यात्रा के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करने की अहमियत को दशार्ती है।

# युवक से तमंचा और कारतूस बरामद



**अवैध हथियार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, गश्त के दौरान पकड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, पुलिस ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक मंजीत सिंह की टीम ने ग्राम शहरी के रहने वाले अमित सिंह को गिरफ्तार किया है। 21 वर्षीय अमित, राजेश सिंह उर्फ राजकुमार का पुत्र है। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेठी पुलिस ने पिछले कुछ समय में कई अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत हुई है।

# ब्लॉक स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू का विरोध

**बीडीओ को दिया ज्ञापन, तीन दिन में जांच रिपोर्ट का आदेश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने ब्लॉक स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को भाकियू के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उच्चाधिकारियों के आदेश के बावजूद भ्रष्टाचार के मामलों में ठोस कदम नहीं उठाए गए। इससे संगठन के सदस्यों में नाराजगी है। बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने एडीओ पंचायत को तीन दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही भ्रष्टाचार के दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। भाकियू ने चेतावनी दी है कि अगर समयसीमा में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

आगे की रणनीति भी तय करेंगे। ज्ञापन देने के दौरान संगठन के कई सदस्य मौजूद थे।

# होली और जुमे को लेकर प्रशासन एलर्ट

**अलीगढ़ में 9 सेक्टर मे बांटा गया शहर, ड्रोन से होगी संवेदनशील इलाकों की निगरानी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, होली का त्योहार इस बार जुमे को पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर रमजान का पाक महीना भी चल रहा है और मुस्लिम समाज के लोग रोजे रख रहे हैं। ऐसे में जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन एलर्ट हो गया है। हर एक प्वाइंट पर नजर रखी जा रही है और शहर को 9 सेक्टरों में बांट दिया गया है। होली तक शहर के सभी थानों में अतिरिक्त फोर्स लगा दी गई है और लगातार पैदल गश्त करके अधिकारी क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। जिससे कि जिले की शांति व्यवस्था बरकरार रहे और अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश न कर सकें। अलीगढ़ प्रदेश के संवेदनशील जिलों में शामिल है। ऐसे में यहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। शांति समितियों के साथ बैठक करके लगातार उनसे कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा रही है। वहीं दूसरी ओर सादी वर्दी में भी पुलिस टीम तैनात की गई है। जिले के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में लगातार निगरानी की जा रही है और यहां त्योहार के लिए पुलिस के साथ पीएसी और आरएएफ बल भी तैनात किया जाएगा। जिससे कि कोई माहौल खराब करने की कोशिश न करे। वहीं अलीगढ़ के शहरी और ग्रामीण इलाकों में धारा 164 पहले से लागू है। जिससे हुड़दंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई हो सके। अलीगढ़ शहर को पुलिस ने 9 सेक्टर में बांट दिया है। हर दिन पुलिस अधिकारी इलाके में पैदल गश्त करके व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर देर रात तक टीमें संवेदनशील इलाकों में निगरानी कर रही हैं। सेक्टर स्कीम में कोतवाली, देहलीगेट, रोरावर, सासनीगेट, सिविल लाइंस, क्वार्सी, बन्नादेवी, गांधीपार्क और महुआखेड़ा थाने को शामिल किया गया है।

यहां निगरानी करने के लिए नोडल मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट के साथ एसीएम प्रथम व द्वितीय अपने-अपने क्षेत्र की निगरानी करेंगे। वहीं त्योहार के दिन पुलिस ड्रोन उड़ाकर सभी इलाकों की निगरानी करेगी। पुलिस अपने कंट्रोल रूम से संवेदनशील इलाकों पर नजर रखेगी।

# व्यापारियों ने डीएम और एसपी को किया सम्मानित

**कुंभ में बेहतर व्यवस्था के लिए गंगाजल और प्रशंसा पत्र भेंट, की सराहना**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सुल्तानपुर के डीएम कुमार हर्ष और एसपी अनुपम सिंह को विशेष सम्मान से नवाजा है। मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को गंगाजल और प्रशंसा पत्र भेंट किया। प्रशंसा पत्र में उल्लेख किया गया कि प्रयागराज से अयोध्या जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुल्तानपुर में बेहतर व्यवस्था की गई। जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया, जिससे श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंच सके। 'घर-घर गंगे हर हर गंगे' अभियान के तहत पहले चरण में अधिकारियों को गंगाजल भेंट किया जा रहा है। त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस ने बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के प्रयागराज कुंभ को सफलतापूर्वक संपन्न कराया, जिसकी प्रदेश भर के व्यापारी सराहना करते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि, जिला सचिव रमेश जायसवाल, जिला मंत्री सत्यनारायण मोदनवाल, जिला उपाध्यक्ष हरकेश पांडे, विनोद अग्रहरि, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कसौधन, जयसिंहपुर उपाध्यक्ष कृपा शंकर मिश्र, रवीन्द्र मोदनवाल और तहसील उपाध्यक्ष सदर पवन मोदनवाल मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**टिकरिया रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति के दो टुकड़े हुए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। लखनऊ-वाराणसी रेलवे ट्रैक पर टिकरिया गांव के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। घटना टिकरिया रेलवे क्रॉसिंग के पास लखनऊ जाने वाली पटरी पर हुई। ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति का शव दो हिस्सों में बंट गया। गौरीगंज स्टेशन मास्टर से सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। गौरीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही मामले की जांच पूरी कर ली जाएगी।

# समसामयिक भारत में महिलाओं की भूमिका पर हुई चर्चा

**टीचर बोलीं- महिलाएं हैं विश्व गुरु भारत की नींव, पूरी पीढ़ी को करती हैं शिक्षित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, राणा प्रताप पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में एक महत्वपूर्ण विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय था 'समसामयिक भारत में महिलाओं की भूमिका'। डॉ. संतोष सिंह अंश ने संगोष्ठी में भारतीय महिलाओं की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं ऊर्जा, दूरदर्शिता और जीवंत उत्साह से भरी हैं। वे हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के विचारों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं घर की रोशनी और उसकी लौ दोनों हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले जैसी महिलाओं ने समाज में बड़े बदलाव किए हैं। डॉ. सीमा सिंह ने महिलाओं के जन्मजात नेतृत्व गुणों की सराहना की। उन्होंने अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग का कथन दोहराया कि एक महिला को शिक्षित करना पूरी पीढ़ी को शिक्षित करने के समान है। संगोष्ठी में बीएड के कई प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार रखे। इनमें अंशिका सक्सेना, आभा शर्मा, फरूख निशात, मारुत कुमार, सौरभ निषाद और कीर्ति गुप्ता शामिल थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।